कार्तिक शुक्ल - 6 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 114 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » रविवार » 19-11-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷிண் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 भाजपा के पास कोई नीति नहीं, कांग्रेस की गारंटी की नकल की : खरगे

6 ले. कर्नल निरंजन: सैनिक बनने के लिए धड़कता था दिल, साथियों की जान बचाकर हो गए अमर

7 कंगना ने की नई फिल्म की अनाउंसमेंट, आर.माधवन के साथ आएंगी नजर

## फर्स्ट टेक

### राष्ट्रपति ने देशवासियों को छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के नागरिकों को शनिवार को छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं और उनसे जलस्रोतों और पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाकर प्रकृति का सम्मान करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। मुर्म ने कहा कि छठ पूजा का त्योहार सूर्यदेव की उपासना को समर्पित है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, यह नदियों, तालाबों और अन्य जलस्रोतों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने का भी एक अवसर है। प्रकृति से जुड़ा यह त्योहार आध्यात्मिक चेतना उत्पन्न करता है और हमें पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है। मुर्मू ने कहा कि छठ पूजा हमें अपने परिवेश को स्वच्छ रखने और अपने दैनिक जीवन में अनुशासन का पालन करने की याद दिलाती है। उन्होंने अपने संदेश में कहा, आइये हम अपने जल संसाधनों और पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाकर प्रकृति मां का सम्मान करने का संकल्प लें। इस शुभ अवसर पर, मैं सभी नागरिकों की प्रसन्नता और समृद्धि के लिए प्रार्थना करती हूं। उन्होंने सभी नागरिकों को शुभकामनाएं।

### आईएमएफ ने पाक की विदेशी ऋण आवश्यकता को घटाया

**इस्लामाबाद/भाषा।** आईएमएफ ने चालू वित्त वर्ष के लिए पाकिस्तान की विदेशी ऋण आवश्यकताओं को घटाकर 25 अरब अमेरिकी डॉलर कर दिया है। बहुपक्षीय एजेंसी ने नकदी की कमी से जूझ रहे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को बड़ी राहत देते हुए इसमें 3.4 अरब अमेरिकी डॉलर की कटौती की है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की एक रिपोर्ट में शनिवार को यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, वाशिंगटन स्थित वैश्विक ऋणदाता ने सरकार के आर्थिक पूर्वानुमानों को खारिज करते हुए आर्थिक वृद्धि अनुमान को घटाकर केवल दो प्रतिशत कर दिया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के प्रतिनिधिमंडल ने 15 नवंबर को पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ दो सप्ताह की लंबी बातचीत पूरी की।

### बुर्ज खलीफा पर दिखा फिल्म 'एनीमल' का टीजर

**मुंबई/भाषा।** बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर की आगामी फिल्म 'एनीमल' के निर्माताओं ने इसके 'टीजर' का प्रदर्शन दुबई की प्रतिष्ठित इमारत बुर्ज खलीफा पर भी किया। इसके लिए एक कार्यक्रम शुक्रवार रात को आयोजित किया गया था जहां कई दर्शकों को दुनिया की सबसे ऊंची इमारत पर फिल्म का विशेष दृश्य देखने का मौका मिला। इस फिल्म के लीड स्टार रणबीर कपूर और बॉबी देओल तथा निर्माता भूषण कुमार, शिव चानना और प्रणय रेड्डी वांगा कार्यक्रम में उपस्थित थे।

| | |
|---|---|
| 19-11-2023 सूर्यास्त 5:39 बजे | 20-11-2023 सूर्योदय 6:09 बजे |
| BSE 65,794.73 (-187.75) | NSE 19,731.80 (-33.40) |
| सोना 6,241 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 77,000 रु. प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**
**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### गड़बड़झाला

कर डाली सब त्याज्य लगामें,
फिसलन भरी जुबानों ने।
उद्वेलित सबको कर डाला,
जिनके तल्ख बयानों ने।
शर्मसार लज्जा कर डाली,
उम्रदराज सयानों ने।
सत्ता पाने की अब ठानी,
नाकाबिल नादानों ने।।

## पुलिस अधिकारियों को तकनीक के क्षेत्र में हमेशा अवगत रहना होगा : मुर्मू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नई दिल्ली/भाषा। अपराधियों के कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल 'डीप फेक' बनाने संबंधी समस्या पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि पुलिस अधिकारियों को तकनीक के क्षेत्र में नई जानकारियों से हमेशा अवगत रहना होगा।

मुर्मू ने यहां राष्ट्रपति भवन में उनसे मुलाकात करने आए 2022 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) परिवीक्षाधीन अधिकारियों के एक समूह को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस बलों के सामने साइबर अपराध, मादक पदार्थ, वामपंथी उग्रवाद और आतंकवाद जैसी कई चुनौतियां हैं।

राष्ट्रपति ने कहा, नई तकनीक और सोशल मीडिया के प्रभाव के कारण परिस्थितियां तेजी से बदलती हैं। 'जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' का इस्तेमाल अपराधी करते हैं और 'डीप फेक' जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों को तकनीक के क्षेत्र में हमेशा नई जानकारियों से अवगत रहना होगा।

'डीप फेक' तकनीक शक्तिशाली कंप्यूटर और शिक्षा का उपयोग करके वीडियो, छवियों, ऑडियो में हेरफेर करने की एक विधि है।

राष्ट्रपति ने कहा कि पुलिस प्रशासन और कानून व्यवस्था की मुख्य जिम्मेदारी राज्य सरकारों की है।

मुर्मू के हवाले से राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है, लेकिन, आईपीएस अधिकारी राज्य सरकारों द्वारा नियुक्त पुलिसकर्मियों को नेतृत्व प्रदान करते हैं। इस प्रकार देश की पुलिस व्यवस्था को एक अखिल भारतीय सूत्र में पिरोने का कार्य भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी करते हैं।

## राज्यपाल के लौटाए सभी 10 विधेयकों को तमिलनाडु विधानसभा ने पुन: पारित किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

▪ **मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार राज्यपालों के माध्यम से गैर-भाजपा शासित राज्यों को निशाना बना रही है।**



**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा ने हाल में राज्यपाल द्वारा लौटाए गए सभी 10 विधेयक शनिवार को पुन: पारित कर दिए। रवि ने 13 नवंबर को कानून, कृषि और उच्च शिक्षा सहित विभिन्न विभागों से संबंधित ये विधेयक लौटा दिए थे, जिसके मद्देनजर विधानसभा की आहूत की गई विशेष बैठक के दौरान सदन ने इन विधेयकों को पुन: पारित किया। मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक और भाजपा ने सदन से बहिर्गमन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने पूर्व में पारित और राज्यपाल रवि द्वारा लौटाए गए 10 विधेयकों को पुनर्विचार के लिए विधानसभा में प्रस्ताव पेश किया। स्टालिन ने प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि रवि ने बिना कोई कारण बताए विधेयक लौटा दिए थे। सदन ने वर्ष 2020 और 2023 में दो-दो विधेयकों को मंजूरी दी थी, जबकि छह अन्य विधेयक पिछले साल पारित किए गए थे।

स्टालिन ने कहा कि सदन ने इस बात पर गौर किया कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के प्रावधानों के तहत, यदि उपरोक्त विधेयकों को फिर से पारित किया जाता है और राज्यपाल की मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया जाता है, तो वह अपनी सहमति को रोक नहीं सकते। स्टालिन द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव में कहा गया है, तमिलनाडु विधानसभा के नियम 143 के तहत सदन निम्नलिखित विधेयकों पर पुनर्विचार कर सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार राज्यपालों के माध्यम से गैर-भाजपा शासित राज्यों को निशाना बना रही है।

## पुराने दोस्त लव कुमार से 'बतियाने' कृष्ण की तरह 'दौड़े' मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





**नई दिल्ली/वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में मशहूर है कि वह अपना वादा और दोस्ती दिलो-जान से निभाते हैं। इसका एक ज्वलंत उदाहरण शुक्रवार रात का है जब प्रधानमंत्री लब्ध प्रतिष्ठित पत्रकार लव कुमार मिश्रा से करीब 40 वर्ष पुरानी दोस्ती को याद करके उनसे पटना में फोन पर बात की और दशकों पुरानी यादों की गहराई में उतरे।

मिश्रा के सुपुत्र अभिनंदन मिश्रा (डिप्टी एडिटर, दैनिक भास्कर, नयी दिल्ली) से कल मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री को 80 के दशक में 'टाइम्स ऑफ इंडिया' में विशेष संवाददाता रहे लव कुमार मिश्रा के बारे में पता चला और वह अपने दोस्त को याद करके भावुक हो गये। मोदी ने बड़े प्रेम से अपने पुराने दोस्त का मोबाइल नंबर लिया। 'कृष्ण' बने मोदी ने अपने 'सुदामा' को तहे दिल से याद करते हुए कल रात नौ बजकर 45 मिनट पर उनसे फोन पर बातचीत की।

लव कुमार मिश्रा शनिवार को 'यूनीवार्ता' के साथ विशेष बातचीत में प्रधानमंत्री के साथ हुयी बातचीत साझा करते हुए बेहद भावुक हो गये और कहा, मैं तो यह कल्पना भी नहीं कर सकता था कि मेरे परम सहृद्र मित्र नरेन्द्र भाई मोदी मुझ 'दीनहीन सुदामा' से कृष्ण की तरह यूं दिल खोलकर कर मिलेंगे और मेरे दिल की गहराइयों में उतर जायेंगे।

लव कुमार मिश्रा ने कहा, मोदी ने खिलखलाती हंसी में कहा,मेरे लिए आज सूरज पश्चिम में उगा है। 'अभी'(अभिनंदन) भी बहुत अच्छा लगा। मैंने 'अभी को बताया कि मैं लव कुमार को अच्छी तरह जानता हूं और मैंने उसको अपने श्रीनगर, अहमदाबाद और पटना के दिनों के बारे में चर्चा भी की। अब आपका नंबर मिल गया है। पुरानी यादें साझा करूंगा और अगली बार पटना आऊंगा तो आपसे जरूर मिलूंगा।

## इजराइली ड्रोन ने दक्षिण लेबनान में एल्युमीनियम संयंत्र पर मिसाइलें दागीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेरूत/एपी।** इजराइल के एक ड्रोन ने शनिवार तड़के दक्षिणी लेबनान के शहर नबातियेह के बाहरी इलाके में एक एल्युमीनियम संयंत्र पर दो मिसाइलें दागीं, जिससे आग लग गई और व्यापक क्षति हुई। नेशनल न्यूज एजेंसी (एनएनए) ने यह जानकारी दी। हमले में किसी के हताहत होने के संबंध में कोई जानकारी साझा नहीं की गई हैं।

2006 में इजराइल और लेबनान के उग्रवादी समूह हिजबुल्ला के बीच 34 दिनों के युद्ध के बाद सीमा से दूर टॉल गांव के पास हुआ इजराइली हमला इस क्षेत्र पर होने वाला पहला ऐसा हमला है।

एनएनए ने कहा कि दमकलकर्मी और एंबुलेंस इलाके में पहुंचे। कुछ पत्रकारों ने घटनास्थल पर जाने का प्रयास किया, लेकिन हिज्बुल्ला के सदस्यों ने उन्हें रोक दिया।

संयंत्र पर हमले को लेकर इजराइली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई, लेकिन यह कहा गया कि इजराइली सेना वर्तमान में हिज्बुल्ला के ठिकानों पर हमले कर रही है।

### केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्री ने दी चेतावनी

## डीपफेक के खिलाफ कदम नहीं उठाए तो सोशल मीडिया मंचों को नहीं मिलेगा संरक्षण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नई दिल्ली/भाषा। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि सरकार जल्द ही डीपफेक मुद्दे पर सोशल मीडिया मंचों से चर्चा करेगी और अगर मंचों ने इस संबंध में पर्याप्त कदम नहीं उठाए तो उन्हें आईटी अधिनियम के 'सेफ हार्बर' प्रतिरक्षा खंड के तहत संरक्षण नहीं मिलेगा। वीडियो में किसी व्यक्ति के चेहरे या शरीर को डिजिटल रूप से बदलने की डीपफेक कहते हैं। मशीन लर्निंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से बने ये वीडियो किसी को भी आसानी से धोखा दे सकते हैं।

वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि सरकार ने हाल ही में डीपफेक मुद्दे पर कंपनियों को नोटिस जारी किया था और प्लेटफार्मों ने जवाब भी दिया। उन्होंने कहा कि लेकिन कंपनियों को ऐसी सामग्री पर कार्रवाई करने में अधिक आक्रामक होना होगा।

वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा, वे कदम उठा रहे हैं...लेकिन हमें लगता है कि कई और कदम उठाने होंगे। ..और हम बहुत जल्द ...शायद अगले 3-4 दिनों में सभी मंचों की एक बैठक करने जा रहे हैं। हम उन्हें इस पर विचार-मंथन के लिए बुलाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि मंच इसे (डीपफेक) रोकने के लिए पर्याप्त प्रयास करें और अपने तंत्र को साफ़ करें।

यह पूछे जाने पर कि क्या बैठक के लिए मेटा और गूगल जैसे बड़े मंचों को बुलाया जाएगा, मंत्री ने सकारात्मक जवाब दिया।

वैष्णव ने यह भी स्पष्ट किया कि आईटी अधिनियम के तहत मंचों को वर्तमान में जो 'सुरक्षित हार्बर प्रतिरक्षा' प्राप्त है, वह तब तक लागू नहीं होगी जब तक कि वे पर्याप्त कार्रवाई नहीं करते।

इससे पहले शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगाह किया था कि कृत्रिम मेधा (एआई) द्वारा बनाए गए डीपफेक बड़े संकट का कारण बन सकते हैं और समाज में असंतोष पैदा कर सकते हैं।

### ज्ञानवापी परिसर

## एएसआई को सर्वे रिपोर्ट सौंपने के लिए मिला 28 नवंबर तक का समय

**वाराणसी (उप्र)/भाषा।** वाराणसी की जिला अदालत ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के वैज्ञानिक सर्वे की रिपोर्ट सौंपने के लिए 10 दिन का और समय दिया है। इसके पहले अदालत ने एएसआई को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के सर्वे की रिपोर्ट सौंपने के लिए 17 नवम्बर तक का समय दिया था। एएसआई ने शुक्रवार को अदालत से सर्वे रिपोर्ट जमा करने के लिए 15 दिन और समय की मांग की थी, जिस पर शनिवार को सुनवाई करते हुए अदालत ने 10 दिन का समय दिया है। अदालत ने कहा है कि किसी भी हाल में 28 नवंबर को एएसआई सर्वे रिपोर्ट जमा करे।

## अरुणाचल में एनएस-सीएन विद्रोही गिरफ्तार

**ईटानगर/भाषा।** अरुणाचल प्रदेश में सुरक्षा बलों ने नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड (एनएससीएन-केवाईए) गुट के एक उग्रवादी और संगठन से जुड़े दो जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, शुक्रवार को चांगलांग जिले में एक अभियान के दौरान असम राइफल्स ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया साथ ही उनके कब्जे से पांच लाख रुपए नकद और हथियार भी बरामद किए गए हैं। सुरक्षा बल ने 'एक्स' पर कहा, असम राइफल्स ने अरुणाचल प्रदेश के जयरामपुर सर्किल में भारत-म्यांमा सीमा पर एनएससीएन-केवाईए के एक सक्रिय उग्रवादी और दो जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर युद्ध जैसी गतिविधियों के लिए हथियारों की खरीद की विद्रोहियों की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया।

## स्पेसएक्स ने अपना नया विशाल रॉकेट प्रक्षेपित किया, विस्फोट के बाद दूसरा परीक्षण विफल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**वाशिंगटन/पी।** उद्योगपति एलन मस्क की अगुवाई वाली कंपनी 'स्पेसएक्स' ने शनिवार को अपने विशाल रॉकेट 'स्टारशिप' को प्रक्षेपित किया, लेकिन बूस्टर और फिर यान में विस्फोट से इसकी दूसरी परीक्षण उड़ान विफल हो गई।

बूस्टर ने रॉकेट को अंतरिक्ष की ओर भेजा, लेकिन दक्षिण टेक्सास से उड़ान भरने के आठ मिनट बाद इसका संचार टूट गया और स्पेसएक्स ने घोषणा की कि परीक्षण विफल हो गया है।

समस्या तब उत्पन्न हुई, जब यान को पृथ्वी का चक्कर लगाने के लिए उसके इंजनों को लगभग चालू कर दिया गया था, लेकिन इससे कुछ मिनट पहले बूस्टर में विस्फोट हो गया।

कंपनी का लक्ष्य यान को उसके बूस्टर से अलग करके अंतरिक्ष में भेजना था।

अप्रैल में पहली परीक्षण उड़ान भरने के तुरंत बाद विस्फोट होने से 'स्टारशिप' रॉकेट नष्ट हो गया था।

स्पेसएक्स ने मेक्सिको सीमा के पास टेक्सास के दक्षिणी सिरे पर स्थित रॉकेट और लॉन्च पैड दोनों में सुधार करने में पिछले कई महीने बिताए। संघीय उड्डयन प्रशासन ने इस सप्ताह की शुरुआत में उड़ान भरने के संबंध में सभी आवश्यक मंजूरी दे दी थी।

लगभग 400 फुट ऊंचा 'स्टारशिप' दुनिया का सबसे बड़ा और शक्तिशाली रॉकेट है। मस्क का इरादा लोगों को चंद्रमा और मंगल ग्रह पर ले जाने के लिए उनके रॉकेट बेड़े का उपयोग करने का है।

## 12 साल बाद पूरा होगा भारत का विश्व विजेता बनने का ख्वाब

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

▪ **भारतीय क्रिकेट के इतिहास में अब तक की सर्वश्रेष्ठ टीम मानी जाने वाली रोहित एंड कंपनी आज अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में 12 साल के लंबे अंतराल के बाद विश्व कप ट्राफी उठाने के इरादे से उतरेगी।**




**अहमदाबाद/वार्ता।** भारतीय क्रिकेट के इतिहास में अब तक की सर्वश्रेष्ठ टीम मानी जाने वाली रोहित एंड कंपनी रविवार को यहां नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में 12 साल के लंबे अंतराल के बाद विश्व कप ट्राफी उठाने के इरादे से उतरेगी।


कोई फर्क नहीं पड़ता कि भारतीयों के सामने पांच बार की विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया होगी, रोहित के जांबाज इसी टूर्नामेंट में कंगारूओं को धूल चटा चुके हैं मगर क्रिकेट के सबसे बड़े मंच में भारत की सर्वश्रेष्ठ टीम को एक नए दिन में एक बार फिर उठ कर खड़े होने की काबिलियत रखने वाले कंगारूओं के साथ तय रणनीति के साथ मैदान पर उतरना होगा। इसके साथ ही करोड़ों भारतीयों की भावनाओं के दवाब से निपटने के लिए रोहित सेना को मनोवैज्ञानिक रूप से अधिक मजबूत बनना होगा।

दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में एक लाख 30 हजार दर्शक मैच की एक एक गेंद पर भारतीय टीम की हौसलाफजाई करेंगे वहीं देश दुनिया में करोड़ों प्रशंसक भारत की जीत की दुआयें कर रहे होंगे। 2011 के बाद भारत के पास बेशकीमती विश्वकप की ट्राफी उठाने का भरपूर मौका होगा। भारत ने पहली बार विश्व कप में दुनिया की सभी टीमों कों बड़े अंतर से हराया है। टीम का हर सदस्य पूरे फार्म में है। क्रिकेट के दिग्गज भी मानते हैं कि उन्होने अपने जीवनकाल में इससे बेहतरीन भारतीय टीम नहीं देखी है। आज से 40 साल पहले कपिल देव की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने लार्डस के एतिहासिक मैदान पर वेस्टइंडीज को हरा कर पहली बार विश्व कप ट्राफी उठायी थी। वह क्षण देश के करोड़ों भारतीयों के लिए अप्रत्याशित था,किसी को उम्मीद नहीं थी कि भारत विश्व कप जीत सकता है। यह सपने के सच होने जैसा था। 2011 में कैप्टन कूल यानी महेन्द्र सिंह धोनी के मतवालों ने विश्व कप पर एक बार फिर अपना नाम लिख दिया जिसके बाद दुनिया में भारतीय क्रिकेट का वर्चस्व बढ़ता चला गया।

मौजूदा विश्व कप से पहले क्रिकेट के दीवाने देश में प्रशंसकों को विश्वास था कि भारत अंतिम चार तक जरूर पहुंचेगा मगर जिस शान के साथ भारत ने फाइनल में प्रवेश किया,उसकी उम्मीद भारतीयों ने नहीं की थी। अब विश्वकप के अंतिम पड़ाव को पार करने के लिए भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के साथ करोड़ों भारतीयों की भावनाओं के ज्वार से भी निपटना होगा।

क्रिकेट पंडितों के अनुसार भारतीय टीम के मौजूदा एकादश में किसी बदलाव की गुंजाइश नहीं दिखती है। अतिरिक्त प्रयास की बजाय भारतीयों को अपना स्वाभाविक खेल दिखाना होगा।

## सहज स्मृति योग



**व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।**

**प्रश्न:** गुरुजी, आप भी तो परमात्मा से कुछ न कुछ मांगते या चाहते ही होंगे, मेरे मन में बड़ा कौतूहल और जिज्ञासा रहती है कि अपनी स्तुतियों से प्रसन्न हुए परमेश्वर के उनसे वर माँगने के लिए पूछने पर गुरु जी लोग क्या वरदान मांगते होंगे अपनी प्रार्थनाओं में ? बस जिज्ञासा थी सो पूछ लिया।

**उत्तर:** प्रियवर, ना ही तो ऐसा है कि कोई मेरी दृष्टि में पात्र नहीं हो और ना ही मेरे पास कुछ भी ऐसा गोपनीय है जो पात्र या लोक या लोकों को ही समर्पित न हो, भले ही वह कोई भी लौकिक तो क्या अलौकिक और पारलौकिक वस्तु या उपलब्धि ही क्यों न हो।
पर, किसी से कुछ मांगने के लिए किसी (दूसरे) का होना अनिवार्य हो जाता है। और, जो परम एकत्व को प्राप्त हो वह मांगे तो मांगे किससे? क्यों ? क्या ? और कैसे ? और जो परम् एकत्व को प्राप्त नहीं हुए हों उन्हें हम गुरु कहें कैसे ? पर, ये भी हम कहें कैसे? पर है क्या यथार्थ में ऐसा ही नहीं है? आप स्वयं विचार करेंगे तो स्पष्ट उत्तर तत्क्षण आपको स्वयं ही मिलेगा और वही कल्याणकारी भी होगा।

# ‘तेलंगाना की सत्ता में आने पर भाजपा लोगों के लिए राम मंदिर की मुफ्त यात्रा सुनिश्चित करेगी’

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हैदराबाद/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को ऐलान किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आगामी विधानसभा चुनावों में यदि सत्ता में आती है तो वह तेलंगाना के सभी निवासियों के लिए अयोध्या में राम मंदिर की मुफ्त यात्रा सुनिश्चित करेगी।

गडवाल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने पिछले 70 वर्षों में राम मंदिर के निर्माण में बाधा डाली और देरी की। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंदिर का भूमि पूजन किया था और प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को की जाएगी। शाह ने रैली में मौजूद लोगों से तेलंगाना में भाजपा को चुनने की अपील की और कहा कि पार्टी नीत सरकार सभी लोगों को अयोध्या में भगवान राम के मुफ्त दर्शन कराने की व्यवस्था करेगी। तेलंगाना में के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इसने मुसलमानों को धर्म के आधार पर आरक्षण दिया, जो असंवैधानिक है।

शाह ने कहा कि यदि राज्य में भाजपा की सरकार बनती है तो धर्म के आधार पर दिए गए आरक्षण को रद्द कर दिया जाएगा और ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) तथा अनुसूचित जनजाति (एसटी) का कोटा बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस और बीआरएस, दोनों को पिछड़ा वर्ग विरोधी दल बताते हुए दावा किया कि केवल भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही पिछड़ा वर्ग का कल्याण कर सकते हैं। उन्होंने पिछड़े वर्ग से आने वाले नेता को राज्य का मुख्यमंत्री बनाने का भाजपा का वादा भी दोहराया।

बीआरएस सरकार के कथित अधूरे वादों को गिनाते हुए शाह ने अपने भाषण में कहा कि केसीआर सरकार ने झूठे वादे करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है।

सरकारी नौकरियों की परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक होने का जिक्र करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि तेलंगाना के युवा राज्य लोक सेवा आयोग के प्रश्न पत्र 16 बार लीक होने से सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा पारदर्शी तरीके से युवाओं को पांच वर्षों में 2.5 लाख सरकारी नौकरियां मुहैया करेगी। शाह ने तेलंगाना की आबादी में ओबीसी की हिस्सेदारी 52 प्रतिशत होने का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा के सत्ता में आने पर मुख्यमंत्री पद इस समुदाय से आने वाले नेता को दिया जाएगा। उन्होंने बीआरएस को ‘भ्रष्टाचार रिश्वत समिति’ करार देते हुए आरोप लगाया कि कालेश्वरम सिंचाई परियोजना और मिशन भागीरथ सहित विभिन्न सरकारी परियोजनाओं में करोड़ों रुपयों का भ्रष्टाचार हुआ है।





# केरल के मुख्यमंत्री ने 35 दिनों तक चलने वाले ‘नव केरल सदास’ कार्यक्रम का किया उद्घाटन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कासरगोड/भाषा।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और उनके मंत्रिमंडल सहयोगियों के नेतृत्व में शनिवार को नव केरल सदास कार्यक्रम की कासरगोड जिले से शुरुआत हुई।

समारोह में हिस्सा लेने के लिए मुख्यमंत्री और मंत्री एक विशेष बस में समारोह स्थल पर पहुंचे थे, जिसमें भारी भीड़ एकत्र हुई थी।

नव केरल सदास का उद्धघाटन करते हुए विजयन ने कहा कि राज्य की उपलब्धियों को दबाने के प्रयास किए गए। इस कार्यक्रम के तहत राज्य सरकार का पूरा मंत्रिमंडल 140 विधानसभा क्षेत्रों में जाकर लोगों से मिलेगा।

केंद्र की विभिन्न नीतियों को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए विजयन ने कहा कि केंद्र सरकार वित्तीय रूप से वाम सरकार का गला घोट रही है।

कार्यक्रम में लोगों की जबरदस्त भागीदारी के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नव केरल सदास की सफलता को दर्शाता है।

विजयन ने कहा, 2016 से केंद्र सरकार की वित्तीय बाधाओं के बावजूद केरल में वाम मोर्चे की सरकार राज्य में विकास परियोजनाओं को लागू करने में सफल रही है।



# मंजूरी के बिना पुल का ‘उद्घाटन’ करने पर आदित्य ठाकरे और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज

**मुंबई/भाषा।** मुंबई पुलिस ने नगर निकाय की अनुमति के बिना शहर के लोअर परेल इलाके में एक पुल के हिस्से का कथित तौर पर उद्घाटन करने के लिए शनिवार तड़के शिव सेना (यूबीटी) विधायक आदित्य ठाकरे और उनकी पार्टी के कुछ अन्य नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री ठाकरे ने दावा किया कि पुल का निर्माण दो सप्ताह पहले पूरा हो गया था लेकिन इसे जनता के लिए नहीं खोला गया क्योंकि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पास इसका उद्घाटन करने का समय नहीं था। एफआईआर बीएमसी के एक अधिकारी द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर दर्ज की गई थी। शिकायत में कहा गया है कि आदित्य ठाकरे, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता व विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) सचिन अहीर और सुनील शिंदे, मुंबई की पूर्व महापौर किशोरी पेडनेकर और स्नेहल अंबेकर तथा 15 से 20 अन्य लोगों ने बृहस्पतिवार रात लोअर परेल में बीएमसी प्रशासन की अनुमति के बिना डेलिसल ब्रिज के दूसरे ‘कैरिजवे’ का उद्घाटन किया।

# ‘डेल, एचपी, फॉक्सकॉन समेत 27 कंपनियों को नई आईटी हार्डवेयर पीएलआई योजना के तहत मंजूरी’

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** डेल, एचपी, फ्लेक्सट्रोनिक्स और फॉक्सकॉन सहित 27 कंपनियों को आईटी हार्डवेयर के लिए नई उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत मंजूरी दी गई है। सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस योजना के अंतर्गत लैपटॉप, टैबलेट, पीसी (कंप्यूटर), सर्वर और बहुत छोटे उपकरण आते हैं। इस योजना से लगभग 3,000 करोड़ रुपए के वृद्धिशील निवेश की उम्मीद है।

यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब भारत आईटी हार्डवेयर कंपनियों को नीतिगत आकर्षणों और प्रोत्साहन योजनाओं से लुभा रहा है, और खुद को हाई-टेक विनिर्माण के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए दृढ़ प्रयास कर रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि पीएलआई आईटी हार्डवेयर योजना के तहत 27 कंपनियों को मंजूरी दी गई है। इनमें से करीब 95 फीसदी यानी 23 कंपनियां पहले दिन से विनिर्माण शुरू करने के लिए तैयार हैं। चार कंपनियां उत्पादन अगले 90 दिनों में शुरू कर देंगी। इन 27 कंपनियों से करीब 3,000 करोड़ रुपए का निवेश होगा...सबसे अहम बात ये है कि मूल्य श्रृंखला भारत की ओर रुख कर रही है। वैष्णव ने कहा कि ये मंजूरी भारत को पीसी, सर्वर, लैपटॉप और टैबलेट सहित आईटी हार्डवेयर के निर्माण में एक बड़ी ताकत के रूप में स्थापित करेगी।

# मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में महिलाओं के वोट निर्णायक साबित होंगे : फडणवीस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नागपुर/भाषा।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में महिलाओं के वोट निर्णायक साबित होंगे और उन्होंने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रति जबरदस्त उत्साह दिखाया है। मध्य प्रदेश की 230 सदस्यीय विधानसभा के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ और मतगणना तीन दिसंबर को होगी।

देवेंद्र फडणवीस ने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान राज्य में भाजपा की कई रैलियों को संबोधित किया था। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में 40 सीट पर करीबी मुकाबला होगा।

मध्य प्रदेश में 5,60,58,521 मतदाताओं में से 2,87,82,261 पुरुष और 2,71,99,586 महिलाएं हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या वह 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि वह नागपुर से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे।

# जम्मू कश्मीर: पूर्व मंत्री लाल सिंह धन शोधन मामले में 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजे गए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जम्मू/भाषा।** जम्मू कश्मीर के पूर्व मंत्री लाल सिंह को सात नवंबर को कथित धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किए जाने के बाद, यहां की एक विशेष अदालत ने दो सप्ताह के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

डोगरा स्वाभिमान संगठन पार्टी (डीएसएसपी) के अध्यक्ष सिंह को उनकी 12 दिनों की हिरासत समाप्त होने के बाद वर्चुअल माध्यम से विशेष न्यायाधीश बाला ज्योति के समक्ष पेश किया गया। वह ईडी की हिरासत में थे। अदालत ने कहा, मामले की जांच जारी है और आरोपी एक गंभीर और गैर-जमानती अपराध में शामिल है, साथ ही आईओ (जांच अधिकारी) के अनुसार, आरोपी सहयोग नहीं कर जांच को पटरी से उतारने की कोशिश कर रहा...। अन्य महत्वपूर्ण गवाहों के बयान रिकॉर्ड किए जाने अभी बाकी है, इसलिए आईओ का अनुरोध स्वीकार किया जाता है और आरोपी व्यक्ति को 14 दिनों के लिए, 18 नवंबर 2023 से एक दिसंबर 2023 तक न्यायिक हिरासत में भेजा जाता है। अदालत ने निर्देश दिया कि सिंह को जम्मू के अंफाला जिला कारागार में रखा जाए और जांच अधिकारी को जांच में तेजी लाने को कहा। सिंह, अपनी पत्नी और पूर्व विधायक कांता अंदोतरा द्वारा संचालित एक शैक्षणिक न्यास के खिलाफ मामले के सिलसिले में ईडी की जांच का सामना कर रहे हैं। वहीं, एक संबद्ध घटनाक्रम में, जम्मू के प्रधान सत्र न्यायाधीश की अदालत में मुख्य जमानत अर्जी पर दलील पेश की गई और सोमवार को भी दलील पेश की जाएगी। धन शोधन का मामला सीबीआई द्वारा इस मामले में अक्टूबर 2021 को दायर आरोप पत्र से उपजा है, जिसमें आरोप लगाया कि 4 और 7 जनवरी 2011 के बीच भूखंड आवंटित करने में कथित आपराधिक मिलीभगत थी।

# ‘टू प्लस टू’ वार्ता : भारत, ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने पर चर्चा करेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय राजधानी में 20 नवंबर को होने वाली ‘टू प्लस टू’ मंत्रिस्तरीय वार्ता के दूसरे सत्र में भारत और ऑस्ट्रेलिया के संपूर्ण रक्षा संबंधों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष रिचर्ड मार्ल्स तथा पेनी वोंग भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत सहयोग और बढ़ाने पर वार्ता करेंगे। मंत्रालय ने वार्ता की भारत द्वारा मेजबानी किए जाने की घोषणा करते हुए शनिवार को कहा कि मंत्रियों द्वारा रणनीतिक, रक्षा और सुरक्षा मुद्दों पर विस्तृत चर्चा किए जाने की उम्मीद है।

हमास-इजराइल संघर्ष के मद्देनजर पश्चिम एशिया में स्थिति, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन का बढ़ता सैन्य दबदबा और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर वार्ता होने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि चर्चा में, भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और परस्पर हित के वैश्विक विषयों पर चर्चा होगी। इसने कहा, दोनों पक्ष द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग मजबूत करने के लिए साझा प्राथमिकताओं पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। सिंह और जयशंकर अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्षों के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत सहयोग का जायजा लेने तथा परस्पर हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए विदेश मंत्री (जयशंकर) और विदेश मंत्री वोंग 21 नवंबर को 14वीं विदेश मंत्रिस्तरीय फ्रेमवर्क वार्ता करेंगे। इससे पहले, रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मार्ल्स 19-20 नवंबर को भारत की दो दिवसीय यात्रा करेंगे।

## आपको यहां के लोगों और संस्कृति में खुशी मिली, जानकर प्रसन्नता हुई : पीएम ने मिक जैगर से कहा



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उन्हें खुशी है कि प्रसिद्ध रॉकस्टार मिक जैगर ने भारत में अपने प्रवास का आनंद लिया। प्रधानमंत्री ने ‘एक्स’ पर एक पोस्ट में जैगर के प्रसिद्ध गीतों में से एक का शीर्षक साझा किया।

मोदी ने माइक्रोब्लॉगिंग वेबसाइट पर कहा, ‘यू कान्ट ऑलवेज गेट व्हॉट यू वॉन्ट, लेकिन भारत साधकों से भरी हुई भूमि है, जो सभी को सांत्वना और ‘संतुष्टि’ प्रदान करती है। यह जानकर प्रसन्नता हुई कि आपको यहां के लोगों और संस्कृति के बीच खुशी मिली। आप यहां आते रहिए...। शुक्रवार को ‘एक्स’ पर हिंदी मिश्रित अपनी पोस्ट में, जैगर ने अपने गायन का एक वीडियो साझा किया और भारत में प्रवास पर अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा था, धन्यवाद और नमस्ते भारत। रोज के कामों से दूर, भारत आकर मुझे बड़ी खुशी हुई। जैगर हाल ही में विश्व कप क्रिकेट मैच देखते भी नजर आए थे।

# बीआरएस को हराने के लिए भाजपा, कांग्रेस ने सांठगांठ की : चंद्रशेखर राव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





**चेरियल (तेलंगाना)/भाषा।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस ने उनकी राजनीतिक गतिविधियों को सीमित करने और यह सुनिश्चित करने के लिए सांठगांठ की है कि बीआरएस का विस्तार महाराष्ट्र तक न हो।

राव ने एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने राज्य के लिए एक भी मेडिकल कॉलेज या नवोदय स्कूल को मंजूरी नहीं दी है। भारत राष्ट्र समिति के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने की मतदाताओं से अपील करते हुए राव ने कहा कि विकास जारी रखने के लिए उनकी पार्टी को फिर से सत्ता में लाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री राव को केसीआर के रूप में भी जाना जाता है। दोनों राष्ट्रीय दलों पर निशाना साधते हुए राव ने कहा, दोनों राष्ट्रीय पार्टी (कांग्रेस और भाजपा) केसीआर से डरी हुई हैं। उन्हें लगता है कि यदि वह तेलंगाना में जीत गए, तो वह महाराष्ट्र आएंगे। महाराष्ट्र में लगभग 150 पंचायतों ने प्रस्ताव पारित कर संबंधित क्षेत्रों का तेलंगाना में विलय करने का अनुरोध किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों दलों के बीच एक-दूसरे के खिलाफ मजबूत उम्मीदवार नहीं उतारने की गुप्त सहमति है। उन्होंने कहा, अगर केसीआर की तेलंगाना में हार होती है तो वे सुरक्षित महसूस करेंगे। यही सब चल रहा है। राव ने कहा कि उनकी पार्टी की सभाओं को महाराष्ट्र के लोगों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है।

# बार में अश्लील कृत्य करने के आरोप में 11 महिला वेटर सहित 31 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**ठाणे/भाषा।** नवी मुंबई के नेरुल में एक रेस्तरां सह बार में अश्लील कृत्य में लिप्त होने के आरोप में 11 महिला वेटर और गायिका सहित 31 व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस ने एक मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि इन व्यक्तियों के खिलाफ यह कार्रवाई बृहस्पतिवार और शुक्रवार की दरमियानी रात को बार में छापेमारी के बाद की गई। तुर्भे पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक रवींद्र दौंडकर ने कहा, अभियान के दौरान, महिला गायिका ग्राहकों के साथ दुर्व्यवहार और अश्लील इशारे करती पायी गईं। उन्होंने बताया कि 11 महिलाओं, तीन पुरुष वेटर, 16 ग्राहकों के अलावा मालिक और प्रबंधक पर भी मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ भादंसं की धारा 294 (अश्लील हरकतें और गाने) और 34 (सामान्य इरादा) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## विश्व कप फाइनल के लिए तैनात होंगे 6000 से अधिक सुरक्षाकर्मी: अहमदाबाद पुलिस

**अहमदाबाद/भाषा।** मेजबान भारत और पांच बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के बीच रविवार 19 नवंबर को यहां विश्व कप फाइनल के दौरान अहमदाबाद शहर और नरेंद्र मोदी स्टेडियम में छह हजार से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अहमदाबाद के पुलिस आयुक्त जीएस मलिक ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलियाई उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स उन प्रमुख हस्तियों में से होंगे जिनके शहर के मोटेरा इलाके में आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के फाइनल के दौरान मौजूद रहने की उम्मीद है। मलिक ने यहां संवाददाताओं को बताया कि स्टेडियम में एक लाख से अधिक दर्शकों की आवाजाही और कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए गुजरात पुलिस, रेपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ), होम गार्ड के जवानों के साथ विस्तृत सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मलिक ने कहा, यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह प्रतिष्ठिता मुकाबला बिना किसी परेशानी के संपन्न हो, छह हजार से अधिक पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाएगा।

# बद्रीनाथ के कपाट शीतकाल के लिए बंद



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गोपेश्वर/भाषा।** उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित भगवान विष्णु को समर्पित बदरीनाथ धाम के कपाट शनिवार को शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए और इसी के साथ इस वर्ष की चारधाम यात्रा का समापन हो गया।

अब शीतकाल में भगवान बदरी विशाल की पूजा जोशीमठ के नृसिंह मंदिर में होगी। गढ़वाल स्काउट के बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच बदरीनाथ धाम के कपाट के बंद होने की प्रक्रिया मुख्य पुजारी रावल ईश्वरी प्रसाद नंबूदरी द्वारा अपराहन तीन बजकर तैंतीस मिनट पर संपन्न की गई। जय बदरीविशाल का उद्घोष कर रहे करीब साढे. पांच हजार तीर्थयात्री कपाट बंद होने के साक्षी बने। इस अवसर पर मंदिर को फूलों से सजाया गया। सिंह द्वार परिसर में स्थानीय लोकनृत्य एव भजनों का आयोजन किया गया था। इस मौके पर दानदाताओं और भारतीय सेना द्वारा तीर्थयात्रियों के लिए भंडारे आयोजित किए गए। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि इस वर्ष की यात्रा ऐतिहासिक रही है और इस बार बदरीनाथ और केदारनाथ में सबसे अधिक 48 लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे।

समिति के मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिह ने बताया कि शुक्रवार देर रात तक बदरीनाथ में 18 लाख 36 हजार 519 तीर्थयात्रियों की आमद दर्ज की गई जो पिछले सभी यात्रा वर्षों में सबसे अधिक है। बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने के साथ ही इस साल की चारधाम यात्रा का भी समापन हो गया। अन्य तीनों धामगंगोत्री, यमुनोत्री और केदारनाथ के कपाट पहले ही बंद हो चुके हैं। सर्दियों में भारी बर्फबारी और भीषण ठंड की चपेट में रहने के कारण चारों धाम के कपाट को हर साल अक्टूबरनवंबर में श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिया जाता है और अगले वर्ष अप्रैलमई में दोबारा खोले जाते हैं। उत्तराखंड चारधाम तीर्थ पुरोहित महापंचायत के महासचिव बृजेश सती ने कहा कि आजादी मिलने के 76 साल के इतिहास में इस साल पहली बार ऐसा हुआ है कि देश के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति ने बदरीनाथ धाम में पूजा-अर्चना की। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने इस साल नवंबर में जबकि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अक्टूबर में भगवान बदरीनाथ के दर्शन किए थे।

# भारत का रत्न, आभूषण निर्यात अक्टूबर में 11.49 प्रतिशत घटकर 22,873 करोड़ रुपए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** भारत का रत्न और आभूषण निर्यात अक्टूबर में 11.49 प्रतिशत घटकर 22,873.19 करोड़ रुपए (2,74.80 करोड़ अमेरिकी डॉलर) रह गया। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने यह जानकारी दी।

आंकड़ों के मुताबिक कटे और पॉलिश किए गए हीरे (सीपीडी) के निर्यात में पिछले महीने 32.70 प्रतिशत की गिरावट हुई। इनका निर्यात घटकर 10,495.06 करोड़ रुपए हो गया। एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 15,594.49 करोड़ रुपए था।

प्रयोगशाला में बने पॉलिश किए गए हीरे (एलजीडी) का सकल निर्यात अक्टूबर में 23.01 प्रतिशत गिरकर 1,135.16 करोड़ रुपए हो गया।

जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह ने पीटीआई-भाषा को बताया, अक्टूबर में कुल रत्न और आभूषण निर्यात में गिरावट आई। अमेरिका जैसे प्रमुख बाजारों में मांग में कमी और हीरे की आपूर्ति में बाधा के चलते यह कमी हुई। हमें उम्मीद है कि क्रिसमस के दौरान बाजार में तेजी आएगी।

हालांकि, अक्टूबर में सोने के आभूषणों का निर्यात 33.48 प्रतिशत बढ़कर 8,619.38 करोड़ रुपए हो गया।

# तमिलनाडु विस ने राज्यपाल द्वारा लौटाए गए 10 विधेयक दोबारा पारित किए, स्टालिन ने केंद्र की आलोचना की



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु की द्रमुक सरकार ने शनिवार को उन सभी 10 विधेयकों को दोबारा पारित कर दिया, जिन्हें राज्यपाल आर.एन. रवि ने लौटा दिया था। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने कहा, केंद्र राज्यपालों के माध्यम से गैर-भाजपा शासित राज्यों को निशाना बनाता है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल सरकार की पहल को अवरुद्ध करने के इच्छुक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, एक निर्वाचित सरकार द्वारा भेजे गए विधेयकों पर सहमति देना राज्यपाल का कर्तव्य है।

तमिलनाडु विधानसभा ने शनिवार को उन 10 विधेयकों को दोबारा पारित किया जिन्हें राज्यपाल ने वापस भेज दिया था। द्रमुक सरकार के इस कदम के बाद विपक्षी दलों अन्नाद्रमुक और भाजपा ने विधानसभा से बहिर्गमन किया। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल द्वारा खारिज किए गए 10 विधेयकों को पुनर्विचार के लिए राज्य विधानमंडल में एक प्रस्ताव पेश किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 200 के प्रावधान के तहत विधानसभा द्वारा यदि विधेयक सदन में दोबारा पारित कर अनुमोदन के लिए भेजा जाता है तो राज्यपाल अनुमति नहीं रोकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, तमिलनाडु विधानसभा नियमों के नियम 143 के अनुसार, विधेयकों पर विधानसभा द्वारा पुनर्विचार किया जा सकता है।

यह घटनाक्रम राज्यपाल आर.एन. रवि के खिलाफ एक हलफनामा दायर किए जाने के बाद आया है। रवि पर 31 अक्टूबर को जानबूझकर शासन में बाधा डालने और द्रमुक सरकार के संवैधानिक कर्तव्यों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया गया था। हलफनामे में निर्वाचित मशीनरी को व्यवस्थित रूप से कमजोर करने पर प्रकाश डाला गया और कहा गया कि स्थिति संवैधानिक गतिरोध की ओर ले जा रही है। कानून, कृषि, उच्च शिक्षा जैसे विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तावित विधेयकों को राज्यपाल द्वारा लौटा दिया गया। द्रमुक सरकार ने विधेयक पर पुनर्विचार के लिए विशेष सत्र बुलाने की बात कही थी।



# इंडियन बैंक चेन्नई ज़ोन ने डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र शिविर आयोजित किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 2.0 लॉन्च किया। इंडियन बैंक चेन्नई जोन ने 18 नवंबर को जवाहर नगर, तांबरम, मायलापुर, पल्लावरम, पेरंबूर में डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र शिविर आयोजित किया। यह शिविर यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की कि जीवन प्रमाणपत्र जमा करने के डिजिटल तरीकों का लाभ चेन्नई शहर के सभी पेंशनभोगियों तक पहुंचे और अति वरिष्ठ/बीमार/अक्षम पेंशनभोगियों को भी लाभ मिले, इंडियन बैंक, चेन्नई जोन 5 रणनीतिक स्थानों पर उपरोक्त शिविर आयोजित कर रहा है।

18 नवम्बर को अंबुकमराज पी के मार्गदर्शन में तांबरम और पल्लावरम का इंडियन बैंक शाखा द्वारा सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। बैंक प्रमुख स्थानों पर लगाए गए बैनरों और पोस्टरों के माध्यम से डीएलसी-फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक का उचित प्रचार कर रहा है। इंडियन बैंक की सभी 2 शाखाओं में एंड्रॉइड फोन से लैस समर्पित स्टाफ सदस्यों की एक टीम बनाई गई है। श्री राजेंद्र कुमार दत्ता, अवर सचिव, सरकार। भारत के पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के अवर सचिव राजेन्द्र कुमार दत्ता ने यूआईडीएआई टीमों के साथ 3 स्थानों (तांबरम और पल्लावरम) का दौरा किया और पेंशनभोगियों को पूरी प्रक्रिया समझाई। उन्होंने सभी हितधारकों से इसे लोकप्रिय बनाने का अनुरोध किया। उपरोक्त उपयोगकर्ता के अनुकूल फेस प्रमाणीकरण तकनीक सभी पेंशनभोगियों के बीच उनके जीवन को आरामदायक बनाने के लिए लागू की गई है।

# भ्रष्टाचार पर पर्दा डालना द्रमुक का 'राज्यपाल विरोधी एजेंडा' : खुशबू



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति की सदस्य खुशबू ने द्रमुक सरकार पर कटाक्ष करते हुए राज्य सरकार के 'राज्यपाल विरोधी एजेंडे' को उसके भ्रष्टाचार पर पर पर्दे डालने वाला बताया। विशेष विधानसभा सत्र को ''भटकाने वाली रणनीति'' बताते हुए खुशबू ने कहा कि राज्यपाल की निंदा करने से लोगों का ध्यान द्रमुक मंत्रियों के भ्रष्टाचार के मामलों से हट जाएगा। उन्होंने पूछा कि यदि विधेयक उचित है तो राज्यपाल उन पर हस्ताक्षर क्यों नहीं करेंगे।

खुशबू ने कहा कि विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों से केवल टीएन मुख्यमंत्री स्टालिन, उनके परिवार और मंत्रियों को फायदा होगा, राज्य के लोगों को नहीं। 'उचित सड़कों की कमी' की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि 15 दिन पहले बिछाई गई सड़कें उखड़ रही हैं और गड्ढे बन गए हैं।

# यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस को दूसरी तिमाही में 204 करोड़ का मुनाफा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** सार्वजनिक क्षेत्र की तीन सामान्य बीमा कंपनियों के पुनरोद्धार की कहानी को पूरी करते हुये यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में 204.30 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

पिछले साल समान अवधि में उसे 347.44 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। गत 30 सितंबर को समाप्त तिमाही में कंपनी को प्रीमियम से 4,163.80 करोड़ रुपये की आय हुई जो पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 3,517.97 करोड़ रुपये थी।

आलोच्य अवधि में उसे 204.30 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ भी प्राप्त हुआ। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस का शुद्ध दावा भुगतान भी बढ़कर 3,845.95 करोड़ रुपये हो गया। पिछले साल इसी अवधि में कंपनी ने 3,707.56 करोड़ रुपये के दावों का भुगतान किया था।

निवेश की बिक्री में कंपनी को एक साल पहले जहां 284.34 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था वहीं पिछली तिमाही में उसे 434.38 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। ब्याज लाभांश और किराये से प्राप्त लाभ 613.23 करोड़ रुपये से बढ़कर 624.96 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। हालाँकि सॉल्वेंसी मार्जिन निर्धारित 1.5 के मुकाबले 0.38 है।

इससे पहले, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही में 1,768.46 करोड़ रुपये के नुकसान के मुकाबले चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 44.82 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ घोषित किया था। द ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने भी वित्त वर्ष 2022-23 की पहली छमाही के दौरान अपने शुद्ध घाटे को 3,586.93 करोड़ रुपये से कम कर 42.17 करोड़ रुपये कर दिया।



# आठ साल बाद साथ आए कंगना रनौत-आर. माधवन, सेट पर पहुंचे रजनीकांत

**चेन्नई।** 'वेड्स मनु' फ्रेंचाइजी की सक्सेस के बाद कंगना रनौत और आर. माधवन एक बार फिर साथ काम करने जा रहे हैं। इसके लिए उन्होंने शूटिंग भी शुरू कर दी है। रोमांटिक कॉमेडी के बाद दोनों अब साइकोलॉजिकल थ्रिलर में दिखाई देंगे। इसका प्रोडेक्शन आज चेन्नई में शुरू हुआ।

फिल्म का अनाउंसमेंट उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर किया और फिल्म के सेट से कई तस्वीरें भी शेयर कीं। हालांकि उन्होंने फिल्म का नाम का खुलासा नहीं किया है। इस फिल्म को 'थलाइवी' के डायरेक्टर विजय कर रहे हैं। कंगना रनौत ने फिल्म की तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, आज चेन्नई में, हमने अपनी नई फिल्म, एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर की शूटिंग शुरू की। अन्य जानकारी जल्द ही आ रहे हैं. फिलहाल, इस बेहद असामान्य और रोमांचक स्क्रिप्ट के लिए आप सभी के समर्थन और आशीर्वाद की जरूरत है। उन्होंने डायरेक्टर विजय संग दोबारा काम करने की एक्साइटमेंट भी जाहिर की।

कंगना रनौत ने रजनीकांत के साथ भी तस्वीर शेयर की. इस तस्वीर को शेयर करते हुए उन्होंने बताया कि थलाइवा उनकी फिल्म के सेट पर पहुंचे थे। उन्होंने लिखा थाइलवर ने आज हमारे सेट पर सुपरहिट विजिट कर हमें हैरान कर दिया दोनों ने हाथ में एक गुलदस्ता पकड़ा हुआ है।

# अंबुमणि रामदास ने पूछा, द्रमुक सरकार को जाति जनगणना करने से कौन रोक रहा है?

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** पीएमके नेता अंबुमणि रामदास ने डीएमके के नेतृत्व वाली तमिलनाडु सरकार से जाति जनगणना कराने को कहा। उन्होंने पूछा, ''सामाजिक न्याय की बात करने वाली द्रमुक सरकार को जाति जनगणना कराने से कौन रोक रहा है?'' उन्होंने कहा कि सभी 540 जातियों की वर्तमान स्थिति को समझकर उसके अनुसार योजनाएं लानी चाहिए।

तमिलनाडु सरकार और तमिलनाडु के राज्यपाल के बीच चल रही खींचतान पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि राज्यपाल और सरकार को एक-दूसरे का पूरक बनना होगा।

उन्होंने कहा कि राजनीतिक राय रखने वाले राज्यपाल लोगों का कोई भला नहीं करेंगे और राज्यपाल को अराजनीतिक होना चाहिए। 2024 के संसदीय चुनावों पर उन्होंने कहा कि पीएमके जल्द ही अपना रुख बताएगी।

# कर्नाटक उच्च न्यायालय ने गर्भवती को गृह नगर में न्यायाधीश परीक्षा देने अनुमति दी

**बेंगलूरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने दीवानी न्यायाधीश मुख्य परीक्षा देने की इच्छुक परीक्षार्थी को अपने गृह नगर मंगलूरु में परीक्षा देने की अनुमति दे दी है जो करीब आठ महीने की गर्भवती है और बेंगलूरु की यात्रा करने में असमर्थ है। उच्च न्यायालय ने 57 न्यायाधीशों की भर्ती के लिए इस साल मार्च में परीक्षा आयोजित करने की अधिसूचना जारी की थी। प्रारंभिक परीक्षा 23 जुलाई, 2023 को आयोजित की गई थी, जिसमें 6,000 से अधिक परीक्षार्थियों में से 1,022 को बेंगलूरु में शनिवार और रविवार को होने वाली मुख्य परीक्षा के लिए चुना गया। दक्षिण कन्नड जिले के मंगलूरु की वकील नेत्रावती को मुख्य परीक्षा के लिए चुना गया था। उन्होंने उच्च न्यायालय में एक अनुरोध प्रस्तुत किया कि उन्हें जिले में ही परीक्षा देने की अनुमति दी जाए क्योंकि वह गर्भवती होने के कारण स्वास्थ्य स्थितियों की वजह से बेंगलूरु की यात्रा करने में असमर्थ हैं।



बेंगलूरु में शनिवार को कृषि मेला 2023 प्रदर्शनी के बारे में जानकारी लेती स्कूली छात्रा।

# अनुसूचित जाति के लोगों से मारपीट करने के जुर्म में दस लोगों को सजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने उच्च जाति के लोगों के खिलाफ शिकायत करने पर अनुसूचित जाति के लोगों से मारपीट करने के जुर्म में दस लोगों को दो माह से लेकर एक वर्ष तक की सजा सुनाई है। इससे पहले तुमकुरु जिले के डुंडा गांव के सभी आरोपियों को 2011 में निचली अदालत ने बरी कर दिया था।

उच्च न्यायालय ने निचली अदालत के आदेश को पलटते हुए कहा, यह अदालत इस तथ्य की अनदेखी नहीं कर सकती कि बिना किसी औचित्य के आरोपियों ने 'हरिजन' कॉलोनी में प्रवेश करने और शिकायतकर्ता और अन्य लोगों पर हमला करने का फैसला किया, केवल इस कारण से कि उनमें से दो ने पुलिस से संपर्क किया और आरोपी नंबर एक के खिलाफ शिकायत की।

घटना के संबंध में अनुसूचित जाति के लोगों ने डीआर सुदीप नामक व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी। घटना शिवमूर्ति नामक व्यक्ति की जमीन पर हुई थी।

## सावरकर बनाम नेहरू

# कर्नाटक बीजेपी ने सावरकर की तस्वीर हटाने पर दी विरोध की चेतावनी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्नाटक में विपक्ष के नेता (एलओपी) आर. अशोक ने वीर सावरकर की तस्वीर हटाने के खिलाफ कांग्रेस सरकार को चेतावनी दी है। अशोक ने पत्रकारों से कहा कि कांग्रेस सरकार वीर सावरकर की तस्वीर हटाकर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर लगाने की योजना बना रही है। अशोक ने कहा, ''वीर सावरकर एक देशभक्त हैं, जो स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान जेल में बंद थे।'' उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार ने विधानसभा में सावरकर की तस्वीर लगाई थी और अब कांग्रेस उसे हटाने की योजना बना रही है। अशोक ने कहा, उनका (सरकार) तर्क है कि सावरकर की तस्वीर के बजाय दिवंगत पूर्व प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर लगाई जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि नेहरू की तस्वीर लगाना वंशानुगत राजनीति का महिमामंडन है। उन्होंने कहा,कांग्रेस सरकार कर्नाटक में केवल दादा, मां, बेटे और पोते की तस्वीरें चाहती है। विपक्ष के रूप में, हम सत्तारूढ़ सरकार को चुनौती देंगे और विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा उठाए गए सांप्रदायिक कदमों और टीपू सुल्तान की विचारधारा को थोपने का भी बीजेपी विरोध करेगी।

उन्होंने कहा, आवास मंत्री ज़मीर अहमद ने एक सांप्रदायिक बयान दिया है, इसमें कहा गया है कि स्पीकर एक मुस्लिम हैं और कांग्रेस सरकार ने हम सभी को उन्हें सलाम करने के लिए मजबूर किया है, हालांकि, उनके पद का सम्मान किया जाता है। पिछली बीजेपी सरकार ने 2022 में शीतकालीन सत्र के पहले दिन की शुरुआत के बाद सुवर्ण विधान सौध में वीर सावरकर की तस्वीर का अनावरण किया था। बेलगावी में सुवर्ण विधान सौधा के अंदर विवादित वीर सावरकर की तस्वीर लगाए जाने का विरोध करते हुए कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया था।

कांग्रेस पार्टी ने तब स्पष्ट किया कि उसने बेलगावी सुवर्ण सौधा में वीर सावरकर की तस्वीर लगाने का विरोध नहीं किया। पार्टी की मांग है कि अन्य लोगों के साथ प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की भी तस्वीर लगाई जानी चाहिए।

# 'सशस्त्र बलों को तेजी से बदले परिवेश में काम करना होगा'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। प्रमुख सेनाध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों को राजनीतिक घटनाक्रम और उन्नत तकनीकी के कारण तेजी से बदले एक ऐसे परिवेश में काम करना होगा जिसके लिए संगठनात्मक ढांचे के साथ-साथ मानसिकता में में भी लचीलेपन की जरूरत होगी।

'सिनर्जिया कॉन्क्लेव 2023' में वैश्विक भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों पर वर्चुअल माध्यम से भाषण देते हुए उन्होंने कहा कि आज अपनाया गया रास्ता तय करेगा कि भारत 2047 में कहां होगा। चौहान ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों को ऐसे माहौल में काम करना होगा जो भू-राजनीतिक घटनाक्रम और प्रौद्योगिकी में प्रगति के कारण तेजी से बदला है।

एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यक्हमें इस परिवर्तनकारी पथ पर आगे या सबके बराबर रहने के लिए अन्य देशों के साथ सैन्य मामलों में एक संपूर्ण क्रांति (आरएमए) लाने में सक्षम होना चाहिए। उन्होंने कहा, हमारा संरचनात्मक ढांचा विविध डामेन में अभियान चलाने में सक्षम होना चाहिए। संपर्क, गैर संपर्क, गतिज और गैर-गतिज विकल्पों के बीच



सही संतुलन के जरिये एकीकृत त्वरित प्रतिक्रिया के लिए उनका व्यवस्थित होना चाहिए। उन्हें विशिष्ट, उभरती और विनाशकारी प्रौद्योगिकी को आत्मसात करने और इसका उपयोग करने के प्रति पर्याप्त रूप से लचीला और अनुकूल होना चाहिए।

चौहान ने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए राष्ट्रों के संघर्ष में शामिल होने की बढ़ती प्रवृत्ति का भी जिक्र किया। उन्होंने अफगानिस्तान, इराक और यूक्रेन का उदाहरण देते हुए प्रमुख शक्तियों द्वारा शुरू किए गए संघर्षों से जुड़ी चुनौतियों की ओर इशारा किया, जहां स्पष्ट तौर पर अंतिम चरण या निकास रणनीति का अक्सर अभाव रहता है।

उन्होंने कहा, मेरी समझ से अमेरिका एक साथ हिंद प्रशांत, यूरोप और एशिया की प्रतिबद्धताओं को पूरा नहीं कर सकता है। तदनुसार इसने अपना ध्यान स्थानांतरित कर दिया है। मध्य पूर्व और अफगानिस्तान में जिसे वे आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक युद्ध के नाम से जानते हैं, उसे हिंद-प्रशांत में वे 'ग्रे जोन' संघर्ष कह रहे हैं। वैश्विक रुझानों पर चर्चा करते हुए चौहान ने कहा कि वैश्विक भू-राजनीति और प्रौद्योगिकी में परिवर्तन की जारी अभूतपूर्व प्रकृति भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों को बढ़ाएगी।

उन्होंने भू-राजनीतिक घटनाक्रम और तकनीक के अंतर्संबंध पर प्रकाश डाला और कहा कि दोनों ही राष्ट्रीय और व्यक्तिगत स्तर पर व्यवहारगत परिवर्तन को प्रेरित करते हैं।

# भ्रष्टाचार को लेकर कर्नाटक के मंत्री के खिलाफ लोकायुक्त में शिकायत दर्ज

**बेंगलूरु।** महिला एवं बाल कल्याण मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर के खिलाफ लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसमें उन पर 600 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। शिकायत वकील नटराज शर्मा ने दर्ज कराई है। शिकायत महिला एवं बाल कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव जे.सी. प्रकाश और निदेशक के खिलाफ दर्ज की गई है। आरोप है कि बच्चों को पोषक आहार उपलब्ध कराने की योजना में भ्रष्टाचार हुआ है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया, ''इस संबंध में उस कंपनी को टेंडर दिया है जो ब्लैकलिस्टेड है।''

# 'पायलट को इस बार 'सीएम चेहरे' का फायदा नहीं मिलेगा'



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

टोंक। कांग्रेस नेता सचिन पायलट के साथ अपने विधानसभा चुनाव मुकाबले को स्थानीय–बनाम–बाहरी लड़ाई के रूप में पेश करते हुए टोंक से भाजपा के उम्मीदवार अजीत सिंह मेहता ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पद उन्हें नहीं छोड़ रहा है टिप्पणी का हवाला देते हुए दावा किया कि पायलट को इस बार मुख्यमंत्री पद के चेहरे का लाभ नहीं मिलेगा जो उन्हें 2018 में मिला था।

मेहता 2013 से 2018 तक इस निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। मेहता को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री पायलट से मुकाबला करने की जिम्मेदारी सौंपी है, जिन्होंने 2018 में अपने भाजपा प्रतिद्वंद्वी यूनुस खान पर यहां से 54 हजार से अधिक मतों के रिकॉर्ड अंतर से जीत हासिल की थी।

मेहता इसे स्थानीय बनाम बाहरी की लड़ाई के रूप में पेश कर रहे हैं। वह दावा करते हैं कि वह टोंक निवासी हैं जो लोगों की समस्याओं को जानते हैं जबकि पायलट एक बाहरी व्यक्ति हैं जिन्होंने पिछली बार 'मुख्यमंत्री पद का चेहरा' होने का लाभ उठाते हुए बड़ी जीत हासिल की थी।

प्रचार अभियान के दौरान मेहता ने 'पीटीआई–भाषा' को बताया, सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि चुनाव स्थानीय बनाम बाहरी का है। पिछले चुनाव के दौरान मामला अलग था क्योंकि वह (पायलट) मुख्यमंत्री पद का चेहरा थे और अपनी पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष थे। आज वह भी विधायक बनने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं और मैं भी। भाजपा नेता ने कहा, मुख्यमंत्री (गहलोत) ने कहा है कि वह पद छोड़ना चाहते हैं लेकिन पद उन्हें नहीं छोड़ रहा है। पूरा राजस्थान जानता है कि (कांग्रेस में) मुख्यमंत्री का चेहरा तय है। वह (पायलट) विधायक बनने के लिए लड़ रहे हैं और पहली बार किसी स्थानीय व्यक्ति का सामना कर रहे हैं। यह स्थानीय बनाम बाहरी का चुनाव है।

उनकी यह टिप्पणी कुछ हफ्ते पहले गहलोत के दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में दिए गए उस बयान के बाद आई है जिसमें कांग्रेस नेता ने कहा था कि वह मुख्यमंत्री का पद छोड़ना चाहते हैं लेकिन यह उन्हें नहीं छोड़ रहा है और संभवत: भविष्य में भी नहीं छोड़ेगा। यह टिप्पणी गहलोत और पायलट के बीच लंबे समय से चल रहे सत्ता संघर्ष के बीच आई थी।





# कांग्रेस ने राजस्थान को भ्रष्टाचार, दंगों और अपराधों में अग्रणी बनाया : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भरतपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान में सत्तारूढ़ कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शनविार को कहा कि जहां–जहां कांग्रेस आती है वहां आतंकवादी, अपराधी और दंगाई बेलगाम हो जाते हैं और कांग्रेस के लिए तुष्टिकरण ही सबकुछ है। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राजस्थान को भ्रष्टाचार, दंगों और अपराधों में अग्रणी बना दिया है। मोदी ने भरतपुर में पार्टी की 'विजय संकल्प सभा' को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस जहां–जहां आती है वहां–वहां आतंकवादी, अपराधी और दंगाई बेलगाम हो जाते हैं। कांग्रेस के लिए तुष्टिकरण ही सबकुछ है। कांग्रेस तुष्टिकरण के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। चाहे इसमें आपका जीवन तक दांव में क्यों ना लगाना पड़े।

मोदी ने कहा, एक तरफ तो भारत दुनिया में अग्रणी बन रहा है, दूसरी तरफ राजस्थान में बीते पांच वर्ष में क्या हुआ? पांच साल में जो बर्बादी हुई उसके लिए जिम्मेदार कौन है? ...यहां कांग्रेस ने राजस्थान को भ्रष्टाचार, दंगों और अपराधों में अग्रणी बना दिया। इसलिए राजस्थान कह रहा है– जादूगर जी कोनी मिले वोट जी (वोट नहीं मिलेंगे)।

उन्होंने कहा, बीते पांच साल में बहनों–बेटियों, दलितों, वंचितों पर सबसे ज्यादा अपराध हुआ, सबसे ज्यादा जुर्म हुआ। होली हो, रामनवमी हो, हनुमान जयंती हो, कोई भी त्योहार आप लोग शांति से नहीं मना पाए। दंगे, पत्थरबाजी, कर्फ्यू राजस्थान में यही सब चलता रहा है। मोदी ने कहा कि राजस्थान से कांग्रेस को सदा सर्वदा के लिए हटाने की जरूरत है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के शासन में दलितों के खिलाफ अत्याचार के नए रिकार्ड बन रहे हैं, कांग्रेस स्वभाव से ही दलित विरोधी है।

राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घोषणापत्र का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा, राजस्थान भाजपा ने शानदार संकल्प पत्र जारी किया है। भाजपा का संकल्प है– राजस्थान को देश का अग्रणी राज्य बनाएंगे। राजस्थान भाजपा ने जो वादे किए हैं, इन्हें पूरा करने के लिए हम जी–जान लगा देंगे। और आपसे किए ये वादे जरूर पूरे होंगे, यह मोदी की भी गारंटी है।

राज्य में 25 नवंबर को मतदान होना है। इसका जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि अबसे ठीक एक हफ्ते बाद राजस्थान में मतदान होने वाला है। हर तरफ एक ही गूंज है, जन–जन की यही पुकार आ रही है भाजपा सरकार। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर एक तरह से कटाक्ष करते हुए मोदी ने कहा, कुछ लोग यहां खुद को जादूगर कहते हैं। अब उन्हें आज राजस्थान की जनता कह रही है, तीन दिसंबर कांग्रेस छू मंतर।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। ये मतदाताओं के कारण हो रहा है क्योंकि आपने वोट देकर दिल्ली में स्थिर व मजबूत सरकार बनाई है, इसलिए आज भारत हर मैदान में जीत रहा है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने राजस्थान की महिलाओं के आत्मविश्वास को चकनाचूर कर दिया है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री खुद कहते हैं कि दुष्कर्म के फर्जी मामले दर्ज होते हैं। ये क्या हो गया है कांग्रेस को, क्या ऐसे मुख्यमंत्री को, जादूगर को एक मिनट भी कुर्सी पर रहने का हक है? उन्होंने राजस्थान को 'मर्दों का प्रदेश' बताने के लिए बिना नाम लिए गहलोत के एक करीबी मंत्री की भी आलोचना की और कहा कि ऐसी टिप्पणी से महिलाओं के खिलाफ जुल्म होते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपने नेताओं के ऐसे बयान पर शर्म आनी चाहिए। मोदी ने ये टिप्पणी परोक्ष तौर राजस्थान के शहरी विकास मंत्री शांति धारीवाल पर की।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने इस मंत्री को सजा देने की बजाय इनाम दे दिया है....टिकट। दिल्ली में बैठे लोग, वो भी इस बात से सहमत हो गये.. इस पाप से सहमत हो गये और इसलिए उनको टिकट दे दिया .. सवाल यह उठता है कि जादूगर के एक प्रिय मंत्री के पास वो कोन सी दूसरी लाल डायरी है कि दिल्ली को भी झुकना पड़ा और ऐसे व्यक्ति को टिकट देना पड़ा।

मोदी ने कांग्रेस को स्वभाव से 'दलित विरोधी' बताया और आरोप लगाया कि पार्टी एक दलित के मुख्य सूचना आयुक्त बनने को पचा नहीं पा रही है।



# खरगे व गहलोत अस्पताल में भर्ती इंजीनियर से मिले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को यहां के एसएमएस अस्पताल में दलित इंजीनियर हर्षादिपति वाल्मीकि से मुलाकात की। इन दोनों नेताओं ने इस मामले में आरोपी विधायक को भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधानसभा चुनाव में टिकट दिए जाने की आलोचना की और इसे उसकी दलित विरोध सोच का नमूना बताया।

हर्षाधिपति को पिछले साल धौलपुर में बाड़ी के विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा और उनके समर्थकों ने कथित तौर पर बेरहमी से पीटा था। कांग्रेस ने अपने विधायक मलिंगा को इस विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं दिया। मलिंगा बाद में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए जिसने उन्हें बाड़ी से उम्मीदवार बनाया है। राज्य में 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने हैं। बिजली विभाग में सहायक अभियंता अब भी यहां उपचाराधीन हैं और चल फिर नहीं सकते। उनसे मुलाकात के बाद खरगे व गहलोत ने मलिंगा को टिकट देने के लिए भाजपा पर निशाना साधा। खरगे ने कहा कि इस घटना की वजह से कांग्रेस ने अपने ही विधायक मलिंगा को टिकट नहीं दिया था तो वह भाजपा में शामिल हो गए और उसी दिन उन्हें टिकट मिल गया।

उन्होंने कहा,हम ऐसे लोगों को दूर रखना चाहते हैं। हमने टिकट काट दिया। वहीं भाजपा एक तरफ तो बोलती है कि हम गरीबों की रक्षा करते हैं, हमारे प्रधानमंत्री जी तो हमेशा बोलते हैं कि गरीब के साथ हैं लेकिन यहां तो वह मर रहा है जिसे उसने मारा है। ऐसे आदमी को अगर भाजपा टिकट देती है तो यह शर्मनाक है। मैं इसकी निंदा करता हूं।' उन्होंने कहा,इस देश में ऐसी घटनाएं अनुसूचित जाति के लोगों व गरीबों के साथ हो रही हैं। ऐसी सामाजिक स्थिति है इस देश में कि एक वर्ग को घृणा व नफरत की दृष्टि से देखा जाता है। यह अच्छा नहीं है। गहलोत ने भी मलिंगा को टिकट देने के लिए भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा,भाजपा ने तो काला अध्याय लिख दिया है राजस्थान की राजनीति में। जिस घटना की उसने आलोचना की थी उसके ही आरोपी को पार्टी ज्वाइन करवाकर गले लगाया, लड्डू खाये, सब कुछ किया और टिकट दे दी। उन्होंने कहा, सरकार गिराने के लिए किस हद तक गिर सकती है भाजपा उसका यह नमूना है। अब जनता फैसले करे कि भाजपा की सोच क्या है.. यह दलित विरोधी सोच है। गौरतलब है कि धौलपुर जिले के बाड़ी कस्बे में 28 मार्च को बिजली निगम के कार्यालय में सहायक अभियंता हर्षादिपति व कनिष्ठ अभियंता नितिन गुलाटी के साथ मारपीट की गई थी। वारदात के दूसरे दिन हर्षादिपति द्वारा दिए गए पर्चा बयान के आधार पर विधायक मलिंगा समेत करीब एक दर्जन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

# गुर्जर समुदाय ने भाजपा में 'घर वापसी' की, क्योंकि कांग्रेस ने पायलट से विश्वासघात किया : सांसद मीणा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सवाई माधोपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने दावा किया है कि राजस्थान में गुर्जर समुदाय ने भाजपा में 'घर वापसी' की है क्योंकि उसके 'वरिष्ठ नेता' सचिन पायलट के साथ कांग्रेस ने विश्वासघात किया और उन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनाया। विधानसभा चुनाव में सवाई माधोपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अबरार के खिलाफ ताल ठोक रहे भाजपा उम्मीदवार मीणा ने यह दावा भी किया कि गुर्जर समुदाय 'अपमानित' महसूस कर रहा है क्योंकि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पायलट को अपशब्द कहे थे।

भाजपा द्वारा परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक जैसे मुद्दों के जरिये भ्रष्टाचार को लेकर गहलोत सरकार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में अग्रिम मोर्चे पर कमान संभाल रहे राज्यसभा सदस्य मीणा ने राजस्थान में कांग्रेस के शासनकाल में 'अप्रत्याशित भ्रष्टाचार' होने का दावा किया।

मीणा ने आरोप लगाया, भ्रष्टाचार इतना बढ़ गया है कि आपने (कहीं) नहीं सुना होगा कि सरकारी कार्यालय में 2.30 करोड़ रुपये नकद मिले और एक किलोग्राम सोना आलमारियों में मिला ।

यह अप्रत्याशित है और देश में कहीं ऐसा नहीं हुआ। नेताओं के साथ अधिकारियों ने राज्य को लूटा और ढेर सारा कालाधन इकट्ठा किया है। मीणा ने कांग्रेस के इस आरोप का खंडन किया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार ने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए प्रवर्तन निदेशालय एवं अन्य सरकारी एजेंसियों का दुरूपयोग किया।

उन्होंने कहा, 16 परीक्षाएं हुई हैं और (राजस्थान में) सभी के प्रश्नपत्र लीक हुए। मैंने (राज्य में) जल जीवन मिशन में घोटाले को लेकर सबूत दिए हैं, मैंने खनन में घोटाले को लेकर सबूत दिए हैं,....... मैंने गहलोत सरकार में भ्रष्टाचार होने का सबूत दिया है। मैंने इन मामलों की सीबीआई जांच की मांग की थी। उन्होंने कहा, सरकार ने सीबीआई जांच नहीं करवायी , ऐसे में बस एक ही तरीका था कि इकट्ठा किये गये कालेधन के खिलाफ पीएमएलए के तहत कार्रवाई की जाए और यह ईडी ही है जो पीएमएलए के तहत कार्रवाई करती है।' कांग्रेस पर प्रहार करते हुए मीणा ने कहा, ईडी ने चुनाव से पहले कार्रवाई की थी। यदि आप चोर नहीं हैं तो आप क्यों डरे हुए हैं और आप क्यों शोर मचा रहे हैं? इसमें कोई राजनीतिक कोण नहीं है।

उन्होंने दावा किया कि वह जयपुर के गणपति प्लाजा गये थे जहां 1100 लॉकरों में कालाधन है और अबतक आयकर विभाग को 36 करोड़ रुपये और 22 किलोग्राम सोना मिला है। उन्होंने कहा, इसलिए मैंने बस सरकार का ध्यान आकृष्ट किया है, चाहे वह राज्य सरकार हो या केंद्र सरकार।



# जहां कांग्रेस पार्टी होगी, वहां भ्रष्टाचार और लूट होगी : नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के दौरान शनिवार को आरोप लगाया कि जहां कांग्रेस पार्टी होगी, वहां भ्रष्टाचार और लूट होगी और जहां भाजपा होगी, वहां विकास होगा। जोधपुर के पीपाड़ में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि गहलोत सरकार ने राजस्थान को भ्रष्टाचार और महिलाओं के खिलाफ अपराध में नंबर एक स्थान पर पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर किसानों, महिलाओं के साथ न्याय होगा।

राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए 25 नवंबर को मतदान होना है जबकि वोटों की गिनती तीन दिसंबर को होगी। उन्होंने कहा,गहलोत सरकार ने इस राजस्थान की आन बान शान को एक तरीके से राजनीति में कलंकित कर दिया है.. दुख के साथ कहना पड़ता है..आज राजस्थान भ्रष्टाचार, महिलाओं के उत्पीड़न के मामलों में.. महिलाओं के साथ बलात्कार के मामलों में राजस्थान देश में नंबर एक हो गया हो। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार बलात्कार के मामलों में राजस्थान नंबर एक पर है। नड्डा ने कांग्रेस सरकार पर किसानों और दलितों का अपमान करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा,जहां कांग्रेस का नाम होगा वहां परिवारवाद, वंशवाद होगा। ये कांग्रेस के साथ जुड़े हुए नाम है और जहां भाजपा होगी वहीं विकास होगा। उन्होंने कहा कि पांच साल में गहलोत ने शासन नहीं किया बल्कि वह सचिन पायलट के साथ कुर्सी की लड़ाई में उलझे रहे। उन्होंने कहा 'सचिन–अशोक गहलोत के बीच पांच साल तक कुर्सी को लेकर लड़ाई रही।'

'लाल डायरी' को भाजपा द्वारा रची गई साजिश बताने वाले मुख्यमंत्री गहलोत पर पलटवार करते हुए नड्डा ने कहा, 'आप जानते है गहलोत क्या कह रहे हैं.. उन्होंने (गहलोत) कहा यह (लाल डायरी) भाजपा की साजिश है.. मैंने कहा वाह रे वाह!. .. पहले बसपा से कांग्रेस में तुम लाओ .. मंत्री तुम बनाओ!.. तुम्हारा मंत्री (राजेंद्र गुढ़ा) विधानसभा में तुम्हारे मंत्री की हैसियत से खड़ा होकर लाल डायरी दिखाकर बोलता है .. यह भ्रष्टाचार की डायरी है।

बर्खास्त मंत्री गुढ़ा ने इस साल जुलाई में दावा किया था कि उनके पास एक लाल डायरी है जिसमें गहलोत व अन्य नेताओं के 'अवैध वित्तीय लेनदेन' का ब्यौरा दर्ज है। गुढ़ा उन छह विधायकों में से एक हैं जो 2018 का विधानसभा चुनाव बसपा उम्मीदवार के रूप में जीतकर 2019 में कांग्रेस में शामिल हो गए थे। नड्डा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने देश में 2जी घोटाला, पनडुब्बी घोटाला, कोयला घोटाला समेत कई घोटाले किये। उन्होंने कहा कि राजस्थान में गहलोत ने 'जल जीवन मिशन' को 'जेब भरो मिशन' बनाया और वृद्धावस्था पेंशन को भी घोटाला करने से नहीं छोड़ा।

# आनंदीबेन ने मुग्धमन से की संविधान उद्यान की सराहना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। उत्तरप्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र के साथ राजभवन में निर्मित देश के पहले संविधान उद्यान का भ्रमण किया और उसकी मुग्धमन से सराहना की। श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने संविधान उद्यान में संविधान की विभिन्न धाराओं और मूल प्रति पर उकेरे गए चित्रों के मूर्तिशिल्प को अभूतपूर्व बताया।

उन्होंने कहा कि संविधान को इस तरह प्रत्यक्ष कला रूपों में देखना सर्वथा नया अनुभव है। उन्होंने संविधान उद्यान में संविधान निर्मित होने के बाद उसकी हस्ताक्षरित प्रति डॉ. अंबेडकर द्वारा देश के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद को सौंपने, संविधान निर्माण के विभिन्न चरणों और मूल संविधान की प्रति पर उकेरे गए नंदलाल बोस और साथी कलाकारों के भारतीय संस्कृति से जुड़े शिल्प आदि को जीवंत बताते हुए उनकी सराहना की।

उन्होंने प्रथम संविधान सभा, स्वाधीनता सेनानियों और आजादी में महिलाओं की रही भूमिका की कलाकृतियों को भी बारीकी से देखा और उनके कलात्मक पक्ष को सराहा।

## अभिनंदन



जयपुर में शनिवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित शेखावाटी अभिनंदन समारोह में शिरकत करती भाजपा प्रत्याशी दिया कुमारी।

# मोदी लाख कोशिश करें, लेकिन राजस्थान में कांग्रेस की ही सरकार बनेगी : खरगे

जयपुर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चाहे जितनी कोशिश करें, लेकिन राजस्थान में एक बार फिर कांग्रेस की ही सरकार बनेगी। उन्होंने 'अमीर लोगों को और अमीर तथा गरीबों को और गरीब बनाने का काम' करने के लिए भाजपा पर भी निशाना साधा। वह वैर (भरतपुर) में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा,'' मोदी जी, लाख कोशिश करें लेकिन (राजस्थान में) इस बार फिर से कांग्रेस ही आएगी।'' राज्य में विधानसभा चुनाव 25 नवंबर को है और वोटों की गिनती तीन दिसंबर को होगी। खरगे ने आरोप लगाया कि भाजपा अमीर लोगों को और अमीर और गरीब लोगों को और गरीब बनाने का काम करती है।



उन्होंने कहा, ''उनको गरीब को गरीब ही रखना है तथा अमीर को और अमीर बनाना है इसलिए वे हमेशा अपने मित्रों और दोस्तों को फायदा पहुंचाते हैं जबकि कांग्रेस गरीबों, किसानों और युवाओं के लिए काम करती है।''

उन्होंने कहा,''हम गरीबों के लिए कुछ बोलें तो प्रधानमंत्री बोलते हैं ये सब रेवड़ी, पैसे बांट रहे हैं... गहलोत पूरा खजाना गरीबों पर लुटा रहे हैं ...इससे क्या फायदा होगा? यह उनका कहना है... अरे भाई, हम तो गरीब लोगों को दे रहे हैं... आपने तो अमीरों का 15 लाख करोड़ रुपए का कर्जा माफ किया ... और जब हमने कहा कि किसानों का कर्जा माफ करो , तो आपने ऐसा नहीं किया।''

## ओडिशा सरकार ने 1,397 करोड़ रुपए की आठ निवेश परियोजनाओं को दी मंजूरी

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा सरकार ने छह जिलों में 1,397 करोड़ रुपए से अधिक के कुल निवेश प्रस्ताव वाली आठ परियोजनाओं को मंजूरी दी है। एक बयान में यह जानकारी दी गई है। इन परियोजनाओं से राज्य में 2,860 लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। बयान में कहा गया है कि राज्यस्तरीय एकल खिड़की मंजूरी प्राधिकरण ने शुक्रवार को 1397.18 करोड़ रुपए के कुल निवेश के आठ प्रस्तावों को मंजूरी दे दी।

सरकार ने 479.47 करोड़ रुपए के निवेश के साथ संबलपुर जिले में प्लास्टिक पाइप और टैंक विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए सिंटेक्स बीएपीएल लिमिटेड के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। इसी जिले में हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लि. की व्हाइट-फ्यूज्ड एल्यूमिना विनिर्माण इकाई बनाने के लिए 241.05 करोड़ रुपए का निवेश करने की योजना को प्रशासन से हरी झंडी मिल गई है। प्राधिकरण ने बालासोर में पाइप विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए 250 करोड़ रुपए के निवेश के एचआईएल इंडिया के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। राज्य सरकार ने मेगा फ्लेक्स प्लास्टिक्स लि. (62.38 करोड़ रुपए), संधू ट्यूब्स प्राइवेट लि. (99.54 करोड़ रुपए), केएआई स्टील प्राइवेट लि. (89.44 करोड़ रुपए), अनुज ऑटोग्राफ बिजनेस पार्क (105.30 करोड़ रुपए) और जीजीएल शैले प्राइवेट लि.(70 करोड़ रुपए) के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी।

## पटाखों की दुकानों में लगी आग में झुलसे और दो नाबालिगों की मृत्यु

**मथुरा (उप्र)/भाषा।** दिवाली के लिए यहां स्थापित किए गए आतिशबाजी बाजार में लगी आग में झुलसे दो नाबालिग बच्चों की दिल्ली और आगरा में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई जिससे इस घटना में जान गंवाने वालों की संख्या आठ हो गई है।

राया थाने के प्रभारी अजय किशोर ने कहा कि जतिन (15) की आगरा के एक निजी अस्पताल में शुक्रवार की रात में तथा खुशी (12) की दिल्ली के सफदरगंज अस्पताल में शनिवार सुबह मृत्यु हो गई। ये दोनों इस आग में गंभीर रूप से झुलस गए थे। अभी तक इस घटना में आठ लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

जिला स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, इस घटना में झुलसे अन्य छह लोगों का दिल्ली और आसपास के जिलों में विभिन्न अस्पतालों में अब भी इलाज चल रहा है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी नरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आग को बुझाने में दमकल की तीन गाड़ियों को पौन घंटा लगा। इस आग में 23 में से सात दुकानें पूरी तरह से जलकर खाक हो गई थीं।

## नीरज यादव डोप जांच में विफल, एशियाई पैरा खेलों के दो स्वर्ण गंवा सकता है भारत



**नई दिल्ली/भाषा।** भारत हाल में हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में जीते गए दो स्वर्ण पदक गंवा सकता है क्योंकि नीरज यादव राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (नाडा) द्वारा की गई डोप जांच में विफल हो गए हैं। यह जांच इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट से कुछ दिन पहले की गई थी। पता चला है कि हांगझोउ रवाना होने से छह दिन पहले बेंगलूरु में टूर्नामेंट के इतर की गई जांच में यादव एनाबोलिक स्टेराइड के लिए पॉजिटिव आए हैं।

अगर नाडा पैनल उन्हें डोपिंग का दोषी पाता है तो एफ55 भाला और चक्का फेंक स्पर्धा में यादव के दो स्वर्ण पदक गंवा देगा। इससे भारत तालिका में अपने पांचवें स्थान से एक पायदान खिसककर छठे स्थान पर पहुंच जाएगा। ऐसे में इंडोनेशिया पांचवें स्थान पर पहुंच जाएगा। भारत ने 29 स्वर्ण, 31 रजत और 51 कांस्य पदक जीते थे जबकि इंडोनेशिया के 29 स्वर्ण, 30 रजत और 36 कांस्य पदक थे। यादव के दो स्वर्ण पदक गंवाने से भारत के पीले तमगों की संख्या 27 हो जाएगी। भारतीय पैरालंपकि समिति (पीसीआई) के एथलेटिक्स मुख्य कोच एस सत्यनारायण ने बेंगलूरु से पीटीआई से कहा, हमने नाडा को लिखा है कि यह नमूना शायद उनका नहीं हो। या फिर नमूना संदूषित हो सकता है। उन्होंने कहा, हमें डोपिंग रोधी नियम उल्लघंन के बारे में 13 नवंबर को पता चला और उनके पास मामला पेश करने के लिए सात दिन का समय है।

## उत्तर प्रदेश में शमी के पैतृक गांव में बनेगा ग्रामीण स्टेडियम

**लखनऊ/भाषा।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के पैतृक गांव सहसपुर अलीनगर में ग्रामीण स्टेडियम बनाया जाएगा। अमरोहा के जिला मजिस्ट्रेट राकेश कुमार त्यागी ने शनिवार को यह जानकारी दी। त्यागी ने कहा कि प्रयास किए जाएंगे कि इस स्टेडियम की आधारशिला के कार्यक्रम में उपलब्ध होने पर शमी को आमंत्रित किया जाए। सहसपुर अलीनगर में बनने वाला यह स्टेडियम 1.092 हेक्टेयर में बनेगा।

त्यागी ने बताया, सहसपुर अलीनगर में ग्रामीण स्टेडियम और खुला जिम बनेगा। यह 1.092 हेक्टेयर क्षेत्र में बनेगा। ग्रामीण स्टेडियम के निर्माण में लगभग पांच करोड़ रुपए का खर्चा आएगा। उन्होंने हालांकि कहा कि स्टेडियम की आधारशिला के लिए अभी कोई तारीख तय नहीं की गई है। यह पूछने पर कि क्या शमी के माता-पिता को कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया जाएगा, त्यागी ने कहा, निश्चित तौर पर उन्हें आमंत्रित किया जाएगा। और प्रयास किए जाएंगे कि उपलब्ध होने पर शमी को भी आमंत्रित किया जाए।

# मणिपुर राज्यपाल से दस दलों के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात, शांति वार्ता की अपील



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इंफाल/भाषा।** दस राजनीतिक दलों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके से राज्य में शांति बहाली और हालात सामान्य करने के लिए दो समुदायों के बीच शांति वार्ता की पहल का अनुरोध किया है। राज भवन से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई।

कांग्रेस विधायक दल के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री ओ इबोबी सिंह की अगुवाई वाले एक दल ने शुक्रवार शाम राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि केंद्र विषेशतौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हस्तक्षेप के बिना राज्य में शांति बहाल नहीं की जा सकती। बयान में कहा गया कि दो समुदायों के बीच शांति वार्ता के लिए तत्काल पहल की मांग की गई ताकि जारी संघर्ष का स्थाई समाधान निकाला जा सके।

इससे पहले मणिपुर में कुकी-ज़ो जनजातीय समूह के प्रमुख संगठन 'आईटीएलएफ' ने उन क्षेत्रों में स्व-शासित अलग प्रशासन स्थापित करने की धमकी दी थी जहां इन जनजातियों का बहुल्य है। इस धमकी के बाद ही प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात की। राज्य सरकार ने कुकी-ज़ो समुदाय बहुल जिलों में स्वशासित अलग प्रशासन संबंधी बयान की कड़ी निंदा की और इसे अवैध करार दिया। प्रतिनिधिमंडल ने उइके से प्रधानमंत्री से संपर्क करने और उनसे संघर्षरत समुदायों के साथ बातचीत में पहल का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से यह भी अपील की कि वह संघर्ष का समाधान खोजने के लिए प्रधानमंत्री के साथ मणिपुर में सभी राजनीतिक दलों की बैठक बुलाएं।

## फर्जी अभिलेख पर 26 वर्षों से नौकरी कर रहा शिक्षक बर्खास्त

**प्रतापगढ़ (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में फर्जी अभिलेखों के सहारे 26 वर्षों से सरकारी स्कूल में सेवारत एक शिक्षक को बर्खास्त (सेवा समाप्त) कर दिया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) भूपेंद्र सिंह ने बताया कि विकास खण्ड विहार क्षेत्र के कल्यानगढ़ नगरहन का पुरवा निवासी नन्द किशोर इसी विकास खण्ड के अतरसुई प्राथमिक विद्यालय में सहायक शिक्षक के रूप में तैनात था, जिसके विरुद्ध गांव के ही चन्द्रिका प्रसाद मिश्रा ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर फर्जी अभिलेख पर नौकरी करने की शिकायत की थी। सिंह ने बताया कि शिकायत पर नोटिस जारी कर आरोपी से हाईस्कूल के अंकपत्र एवं प्रमाणपत्र मांगे गए। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा अंकपत्र एवं प्रमाणपत्र के सत्यापन में खुलासा हुआ कि नन्द किशोर 1975 में हाईस्कूल की परीक्षा में शामिल हुआ था और उसे 48 अंक मिले थे। उसकी जन्मतिथि 28 अक्टूबर 1958 थी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के मुताबिक फिर दूसरी बार उसने 1984 में हाईस्कूल की परीक्षा दी, जिसमें उसे 312 अंक मिले, लेकिन इस बार उसने अपनी जन्मतिथि बदल कर 28, अक्टूबर 1964 कर ली थी।

# मीनाक्षी लेखी ने 'आप' सरकार के शासनकाल में दिल्ली जल बोर्ड में करोड़ों रुपयों के घोटाले का लगाया आरोप



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने 2017 से लेखा संबंधी कथित गड़बड़ियों का जिक्र करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के तहत दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में 3,735 करोड़ रुपए का घोटाला होने का शनिवार को आरोप लगाया। लेखी के आरोपों को लेकर दिल्ली सरकार या डीजेबी ने तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

लेखी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान आरोप लगाया कि 600 करोड़ रुपए के 12,000 कार्य आदेशों के लिए प्रत्येक आदेश का मूल्य पांच लाख रुपए से कम रखकर निविदा जारी करने से बचा गया। सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इस घोटाले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को सौंपनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर वह ऐसा नहीं करते हैं तो भाजपा उपराज्यपाल से ऐसा करने का आग्रह करेगी। लेखी ने आरोप लगाया कि 'आप' और केजरीवाल आरोप लगाते थे कि पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान पानी टैंकर माफिया मौजूद थे, लेकिन वे अब भी मौजूद हैं। उन्होंने कहा, 2017 से खातों का हिसाब नहीं रखा गया और वे विवरण छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। बही-खातों से 1,601 करोड़ रुपए का हिसाब-किताब गायब है और डीजेबी के वित्तीय विवरण और बैंक समाधान विवरण के बीच 1,167 करोड़ रुपए का अंतर है। साथ ही 135 करोड़ रुपए की सावधि जमा का भी कोई पता नहीं है। लेखी ने आरोप लगाया कि वित्तीय लेखांकन से जुड़ी अनियमितताओं, समायोजन और पुन: समायोजन, गायब सावधि जमा और इसी तरह की गड़बड़ियों से विभिन्न मदों के तहत 3,735 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ।




# भारतीय क्रिकेट टीम की जीत के लिए कांग्रेस ने किया हवन-पूजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** कांग्रेस ने आईसीसी एकदिवसीय क्रिकेट विश्वकप 2023 के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टीम की जीत की कामना करते हुए शनिवार को यहां पार्टी के राज्य मुख्यालय में हवन-पूजन किया।

कांग्रेस मुख्यालय ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि रविवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जाने वाले विश्वकप के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम की जीत के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में यज्ञ किया गया, जिसमें पुरोहितों ने वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ विधिवत पूजा-पाठ की। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ. सी.पी. राय ने बयान में कहा कि अभी तक सभी मैचों में भारतीय खिलाड़ियों ने क्रिकेट के प्रत्येक क्षेत्र में जिस तरह बेहतर प्रदर्शन करते हुए देश को लगातार जीत दिलाई है, उसके लिए हमारे वे बधाई के पात्र हैं। अजय राय ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, कल का मैच देश की प्रतिष्ठा का सवाल है और जिस तरह से पिछले सभी मैचों में भारतीय क्रिकेटरों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए लगातार जीत हासिल की है, कल के मैच में भी ईश्वर हमारे भारतीय खिलाड़ियों को वही शक्ति और सामर्थ्य दें।

आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्वकप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके गेंदबाज शलभ श्रीवास्तव ने भी यज्ञ में आहूति दी।

राजधानी के मनकामेश्वर मंदिर में भी भारतीय टीम की जीत के लिए यज्ञ का आयोजन किया गया।

## इन बेजोड़ खिलाड़ियों के साथ विश्व कप जीतना शानदार होगा : पैट कमिंस



**अहमदाबाद/भाषा।** अपने बचपन से लेकर किशोरावस्था के शुरुआती दिनों तक पैट कमिंस ने ऑस्ट्रेलिया को विश्व कप जीत की हैट्रिक पूरी करते देखा और 2015 में अपनी युवावस्था की शुरुआत में ही उन्होंने विश्व चैंपियन बनने के अनुभव को महसूस किया। अब 30 साल की उम्र में कमिंस बेजोड़ खिलाड़ियों की अगुआई करते हुए मजबूत भारतीय टीम को हराकर अभूतपूर्व छठा विश्व कप खिताब जीतने की अद्भुत भावना का अनुभव करना चाहते हैं।

कप्तान कमिंस ने फाइनल की पूर्व संध्या पर संवाददाताओं से कहा, यह बहुत बड़ा होगा। कुछ समय पहले तक हम सभी बच्चे थे, कुछ महान टीमों को 1999, 2003, 2007 विश्व कप जीतते हुए देख रहे थे। कल हमारे सामने वह अवसर है जो वास्तव में रोमांचक है। कप्तान के रूप में इन शानदार खिलाड़ियों के साथ ट्रॉफी उठाना मेरे लिए सौभाग्य की बात होगी।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान का मानना है कि चार साल में एक बार होने वाला यह टूर्नामेंट निश्चित रूप से उनके करियर का मुख्य आकर्षण होगा। उन्होंने कहा, यह अद्भुत होगा और शिखर के संदर्भ में, मुझे लगता है कि यह शीर्ष पर है। विश्व प्रतियोगिता में इसका सबसे लंबा इतिहास है जहां सभी टीमें प्रतिस्पर्धा करती हैं। आपको चार साल में केवल एक बार इसमें खेलने का मौका मिलता है।



# दिल्ली पुलिस ब्रिटिशकाल की सात हजार .303 राइफल को जल्द ही हटाएगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दशकों तक दिल्ली पुलिस का हिस्सा रही ब्रिटिशकालीन .303 राइफलों को पुलिस बल से जल्द ही हटा दिया जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस के अनुसार कम से कम 7,000 ऐसे आग्नेयास्त्रों, जिन्हें 'थ्री-नॉट-थ्री' राइफल के रूप में जाना जाता है, को बल से हटाने की तैयारी है।

अधिकारी ने कहा, इन हथियारों का इस्तेमाल वर्षों पहले ही बंद हो गया था और अब उन्हें नष्ट करने की तैयारी है। ये .303 राइफल दिल्ली पुलिस की शस्त्रागार इकाई में रखी गई हैं। सूत्रों के मुताबिक, इन हथियारों को नष्ट करने की निगरानी के लिए एक संयुक्त आयुक्त रैंक के अधिकारी को नियुक्त किया गया है।

सूत्रों ने बताया कि पूरा अभियान गृह मंत्रालय द्वारा गठित समिति की निगरानी में किया जाएगा। .303 कैलिबर ली-एनफील्ड राइफल शुरू में ब्रिटेन के हथियार कारखाने में निर्मित की गई थी और प्रथम तथ द्वितीय विश्व युद्ध में इनका बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया गया था।

भारत में, इन राइफल का इस्तेमाल 1962 में भारत-चीन युद्ध के दौरान भारतीय सेना द्वारा किया गया था और बाद में राज्य पुलिस बलों को सौंप दिया गया था। पुलिस उपायुक्त (प्रावधान एवं रसद) विनीत कुमार ने पुष्टि की कि हथियार नष्ट करने की प्रक्रिया जारी है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि इन हथियारों में से प्रत्येक का वजन लगभग पांच किलोग्राम है। उन्होंने कहा कि इन हथियारों को नष्ट करने की प्रक्रिया लंबी है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया के तहत हथियारों के प्रत्येक हिस्से को हटाना और नष्ट करना शामिल है।

अधिकारी ने बताया कि हथियारों को नष्ट करने से पहले, बैरल और इसके अन्य हिस्सों को अलग कर दिया जाता है, ताकि इसका आगे इस्तेमाल न किया जा सके और उसके बाद इन हथियारों का लोहा पिघलाया जाता है।

उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र सहित कई राज्यों के पुलिस बल पहले ही .303 राइफल का इस्तेमाल बंद कर चुके हैं।

## असम सरकार 'रास' समितियों को वित्तीय सहायता देगी

**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार 'रास' महोत्सव के आयोजकों को वित्तीय सहायता मुहैया कराएगी। उन्होंने कहा कि इससे करीब 1,900 समितियों को लाभ होने की उम्मीद है।

शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अनुदान देने का फैसला इस हफ्ते की शुरुआत में हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में लिया गया। उन्होंने कहा, असम में इस अनूठी परंपरा, कृष्ण रास महोत्सव के तहत भगवान श्री कृष्ण के जीवन से जुड़ी झांकियां निकाली जाती हैं। प्राचीन परंपराओं को संरक्षित रखना हमारे लिए एक मुख्य प्राथमिकता है। हमने रास समितियों को वित्तीय सहायता देने का फैसला किया है ताकि वे हमारी खूबसूरत संस्कृति को आगे बढ़ाना जारी रख सकें।

इसमें शामिल होने के लिए वे समितियां पात्र होती हैं जिन्होंने कम से कम तीन साल तक 'रास' आयोजित किया हो।

# भाजपा के पास कोई नीति नहीं, कांग्रेस की गारंटी की नकल की : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नई दिल्ली/भाषा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर चुनाव में कांग्रेस की ओर से जनता के लिए पेश की गई असल गारंटी की नकल करने और उसे अपने एजेंडा में शामिल करने का आरोप लगाया।

खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्वीटर) पर पोस्ट किया, भाजपा के पास न नीयत है, ना नीति है। कांग्रेस ने राजस्थान व अन्य राज्यों में गारंटी के प्रारूप में जन-कल्याण के लिए ठोस कार्यक्रम दिए हैं। मोदी जी और भाजपा ने काफी प्रयासों के बाद हमारी असल गारंटी की नकल करना बेहतर समझा... और आनन-फानन में चुनाव के पहले एजेंडा परोसने की नाकाम कोशिश की है। राजस्थान के लोग जानते हैं कि कांग्रेस ने काम किया है और हम हमारी सात गारंटी धरताल पर पूरी करेंगे।

खरगे शनिवार को राजस्थान के वैर विधानसभा, जिला भरतपुर और तिजारा में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

राजस्थान में विधानसभा चुनाव 25 नवंबर को होने हैं।

# कोहली ने एक बड़ा रिकॉर्ड हासिल कर लिया है, कोई भी इसके करीब नहीं आ सकता : विश्वनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारत के महान क्रिकेटर गुंडप्पा विश्वनाथ का मानना है कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 50वां वनडे शतक जड़कर एक ऐसा कीर्तिमान बना दिया है कि कोई भी दूर दूर तक इस उपलब्धि के करीब नहीं पहुंच सकता।

कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप सेमीफाइनल में 117 रन बनाकर सचिन तेंदुलकर के वनडे में 49 शतक की उपलब्धि को पीछे छोड़ दिया और भारत को 2011 के बाद पहली बार फाइनल में पहुंचा दिया। विश्वनाथ ने एक साक्षात्कार के दौरान पीटीआई से कहा, कुछ समय पहले मैंने कहा था कि अगर कोई सचिन के शतकों के करीब पहुंच सकता है तो वो कोहली ही होगा। मैंने उम्मीद नहीं की थी कि वह इस रिकॉर्ड को भी तोड़ देगा। उन्होंने कहा, वह इतना निरंतर है कि जरा देखिये सब उसके शतकों के बारे में बात कर रहे हैं लेकिन उसने जिस तरह से 70 और 80 के करीब रन बनाए, यह उसकी निरंतरता है। वह जिस तरह से क्रिकेट खेलता है, उसे देखकर लगता है कि अभी उसमें काफी क्रिकेट बचा है। ऐसे ज्यादा खिलाड़ी नहीं हैं जो उनके करीब पहुंच सकते हैं, भले ही रोहित शर्मा के 30 से ज्यादा शतक हों, लेकिन उन्हें करीब पहुंचने के लिए लंबा रास्ता तय करना होगा। मैं किसी को उनके करीब आते हुए नहीं देख सकता। उन्होंने सचिन से एक शतक ज्यादा जड़कर बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है।

## मौजूदा कार्यकाल का समापन खिताब से करना चाहेंगे मुख्य कोच द्रविड़



**अहमदाबाद/भाषा।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ 2007 विश्व कप में उस टीम के कप्तान थे जो शुरुआती दौर में बाहर हो गई थी जिससे अब वह रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में इसकी भरपायी करना चाहेंगे। द्रविड़ के नाम वनडे में 10,889 रन है लेकिन भारतीय कप्तान के तौर पर 2007 विश्व कप से उनकी विरासत में जो दाग लगा, उसे कोच के तौर पर वह 16 साल बाद मिटाना चाह रहे होंगे जब उनके खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप फाइनल में उतरेंगे। दिलचस्प बात है कि भारतीय कोच के रूप में उनके दो साल के अनुबंध का अंतिम दिन भी रविवार ही है। उनका अनुबंध संयुक्त अरब अमीरात में टीम के 2021 टी20 विश्व कप के ग्रुप लीग के बाहर होने के बाद शुरू हुआ था। अगर भारत जीत जाता है तो उन्हें इस पद पर बरकरार रखने के लिए काफी शोर होगा लेकिन जो भी द्रविड़ को जानता है, वो कहेगा कि वह इस खिताबी जीत पर बहुत गौरवान्वित होंगे। भारतीय टीम में उनके एक पूर्व साथी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, जैमी (राहुल का निकनेम) ऐसा है जो बहुत स्वाभिमानी है। उन्होंने 2007 विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद कप्तानी नहीं छोड़ी थी लेकिन कुछ महीनों के बाद इंग्लैंड में श्रृंखला जीती थी और वनडे श्रृंखला भी अच्छी रही थी। उन्होंने कहा, इंग्लैंड में टेस्ट जीत के बाद ही वह पद से हटे। यहां भी अगर भारत जीतता है तो बीसीसीआई उन्हें नया अनुबंध पेश कर सकता है।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इतिहास रचने को तैयार भारत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



अहमदाबाद/भाषा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अपनी विरासत खड़ी करने के लिए तैयार हैं और रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले विश्व कप फाइनल में वह करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों की प्रार्थनाओं के बीच अपने 10 साथियों के साथ पांच बार के विश्व चैंपियन के खिलाफ इतिहास रचने उतरेंगे।

विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप का खिताब जीतने के अहसास से अच्छी तरह वाकिफ हैं और रोहित शर्मा भी 2007 में पहला टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रह चुके हैं।

रविवार को होने वाला फाइनल पूरी तरह से अलग होगा। टीम का ध्यान सिर्फ टूर्नामेंट जीतने पर नहीं होगा बल्कि करोड़ों लोगों की भावनाओं का सैलाब भी उमड़ेगा। रोहित और टीम के उनके साथी कहते रहे हैं कि मैदान के बाद क्या बोला जा रहा है इसका उन पर कोई फर्क नहीं पड़ता लेकिन बाहर से प्रशंसकों की आवाज ने ही खेल और इस टीम को इतना बड़ा बनाया है।

कपिल देव ने 1983 में जब लार्ड्स में विश्व कप ट्रॉफी उठाई थी तो यह भारतीय क्रिकेट में नए युग की शुरुआत थी।

महेंद्र सिंह धोनी ने 2011 में जगह फाइनल में विजयी छक्का जड़ा तो इससे विश्व क्रिकेट में भारत के दबदबे की शुरुआत की।

भारतीय क्रिकेट टीम 2023 में अपना तीसरा एकदिवसीय विश्व कप ही नहीं जीतना चाहेगी बल्कि 50 ओवर के प्रारूप को भी बचाना चाहेगी जो पिछले कम से कम पांच साल से अपनी पहचान बचाने के लिए जूझ रहा है।

भारत की जीत से इस प्रारूप को जरूरी बढ़ावा मिलेगा।

ऑस्ट्रेलिया अब तक एकमात्र टीम है जिसने लगातार 11 जीत के साथ खिताब जीता है। टीम ने 2003 और 2007 में यह कारनामा किया था। रोहित की टीम अगर रविवार को खिताब अपने नाम करती है तो विश्व कप के इतिहास में यह कारनामा करने वाली सिर्फ दूसरी टीम बनेगी।

रोहित शर्मा ने अब तक आगे बढ़कर टीम की अगुआई की है। उन्होंने 124 के शानदार स्ट्राइक रेट से 550 रन बनाए हैं और 'रन मशीन' विराट कोहली (90 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 711 रन) को पारी को संवारने के लिए शानदार मंच दिया है।

फाइनल में विजय रथ पर सवार भारत जीतता है या फिर शानदार वापसी करने वाला ऑस्ट्रेलिया, इसका पता तो रविवार को ही चलेगा।

## सुविचार

**लोगों की बातों को कभी भी दिल पर नहीं लेनी चाहिए, लोग अमरूद खरीदते समय पूछते है मीठे है ना, बाद में नमक लगाकर खाते है।**

## ट्वीट

पिछले कई महीनों से राजस्थान की लाल डायरी बड़ी सुर्खियों में है। लाल डायरी में कांग्रेस के अपने ही नेता ने, कांग्रेस के कुशासन की इस कथा को पूरे विस्तार से लिखा है। तभी तो मुख्यमंत्री का अपना बेटा ये लिखकर देने को तैयार है कि पापा की सरकार इस बार नहीं आने वाली। अरे गहलोत जी क्या हो गया?

-नरेन्द्र मोदी

आप सभी ने भ्रष्टाचार के तांडव में डूबी हुई लूट और झूठ की इस सरकार को देखा है और आपने सरकार के विधायकों का अभिमान भी देखा है। तारानगर भ्रष्टाचार की भट्टी में जलता रहा। आज विकास से कोसों दूर हो चुके इस दुर्दशा के लिए जिम्मेदार कांग्रेस सरकार को अब सबक सिखाने का वक्त आ गया है।

-राजेन्द्र राठौड़

## कहानी

मनमोहन भाटिया

# अखबारवाला



कॉलिज के दिनों में एक बुरी लत गई, जो आज तक पीछा नही छोड़ रही है। कई बार पत्नी से भी बहस हो जाती है, मेरे से ज्यादा प्यारा अखबार है, जिसके साथ जब देखो, चिपके रहतो हो। क्या किया जाए, अखबार पढने का नशा ही कुछ ऐसा है कि सुबह नही मिले तो लगता है कि दिन ही नही निकला। खैर पत्नि की अखबार वाली बात को गंभीरता से नही लेता हूं क्योंकि मेरे ऑफिस जाने के बाद खुद उसने पूरा अखबार चाटना है। पढी लिखी पत्नी चाहे, वो हाऊस वाईफ हो, एक फायदा तो होता है, कम से कम वह अखबार का महत्व समझती है। प्रेम भरी तकरार पति, पत्नी के प्यार को अधिक गाढा करती है। प्रेम भरी तकरार ही गृहस्थ के सूने पन को दूर करती है। तकरार ही आलौकिक प्रेम की जननी है।

पहले ऑफिस घर के समीप था। सुबह अखबार तसल्ली से पढ कर ऑफिस जाता था, लेकिन नई नौकरी और ऑफिस घर से थोडा दूर हो गया तो घर से जल्दी निकलना पड़ता है। ढंग से अखबार सुबह पढ नही पा रहा हूं। जैसे हर समस्या का समाधान होता है, इसका भी निकल आया। एक नजर ड़ाल कर ऑफिस रवाना होने लगा। शाम को तसल्ली से संपादकीय और दूसरे ऑर्टिकल पढने की आदत बना ली। इधर कुछ दिनों से कोफ्त होने लगी, कि लत कभी छूट नही सकती। कारण अखबारवाला। अखबारवाले का लड्का बदल गया। पुराना लड्का सुबह उठने से पहले ही अखबार डाल जाता था, लेकिन यह नया लड्का देरी से आता था, जिस कारण कई बार तो अखबार पढना ही रह जाता। खैर कोई बात नही, शाम को अखबार पढने लगा। महीने बाद अखबारवाला जब बिल के पैसे लेने आया, बिल पकड्ते ही मुख से खुद बखुद वाक्य अपने आप निकल आए भाई साहब, बिना अखबार पढे ही बिल का भुगतान कर रहा हूं, इतनी देर से अखबार डालता है, कि पढने का समय ही नहीं मिल पाता।

कल से समय पर आ जाएगा। कह कर एजेंसी के मालिक ने तसल्ली दी। वाकई, अगले दिन अखबार पहले वाले समय पर आ गया। शिकायत का असर फौरन। सोचने लगा, यह काम पहले करता तो अखबार शाम में पढने की आदत नही पढती। लेकिन दस बारह दिनों के बाद अखबार का समय फिर से बदल गया, यानी फिर से लेट। यह सिलसिला बीस दिनों तक चला, और फिर कुछ दिन जल्दी, तो कुछ दिन लेट। यह गुथ्थी समझ से परे थी, लेकिन इतना समय नही है, कि दिमाग में बोझ ड़ाल कर गुत्थी सुलझाई जाए।

मौसम ने उस दिन करवट बदली, आसमान में काले बादल छाए हुए थे। लम्बी गर्मी के बाद मौसम मस्ती के मूड़ में था। रविवार का दिन, दिल चाहता है, कि देर तक साया जाए लेकिन बदन में एक ऑटोमैटिक अलार्म फिट है, नींद सुबह के पांच बजे हर रोज की तरह खुल गई। एसी में ठंड़ लगने लगी, बाहर मौसम ने करवट ले रखी थी। एसी बंद करके खिड्की खोली, एक मस्त हवा का झोका सुस्त बदन को खोल गया, इतने मे पत्नी ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा यह क्या, खिडकी क्यों खोल दी, आज संड़े को क्यों जल्दी उठ गए। संड़े को गोली मार, बाहर मस्त मौसम की बाहार ने आनन्दित कर दिया। चादर में से मुंह निकाल कर खिडकी के बाहर मस्त मौसम का जाएजा लिया और राकेट की रफ्तार से बिस्तर छोड़ बाथरूम में घुस गई। बाथरूम में से आवाज लगाई मॉर्निंग वॉक चले, मौसम मस्ताना है।

नेकी और पूछ, कभी कभी बैसाखी, दिवाली पर ही मॉर्निंग वॉक नसीब होती है। सोने पर सुहागा, यह मस्त मौसम वो भी संड़े को। बीस मिन्टों में कार स्टार्ट की और सीधे जपानी पार्क। पार्क के पास बहुत सारे अखबारवाले बैठे थे। उनको देख कर मुख से यूही निकल पड़ा यहां देखो, अखबार ही अखबार नजर आ रहे हैं, एक हमारा अखबारवाला ग्रेट है, आठ बजे अखबार ड़ाल कर जाता है।

अरे देखो, अपना अखबारवाला भी बैठा है।

हां, वोही तो अखबारवाला है। कह कर मैने कार उसके पास रोकी। उसका ध्यान हमारी तरफ आया, कि अचानक कौन कार में है, जो एकदम उसके पास आ कर रूका। हमे देख कर एकदम ऐटेंसन की मुद्रा में खड़ा हो गया। गुड़मॉर्निंग, सर जी, मॉर्निंग वॉक करने आए है। अखबार घर पर ड़ाल दूंगा। आप शौक से मॉर्निंग वॉक कीजिए। अखबारवाले ने सुझाव दिया तो मैंने कहा अब पकड़ा ही दो, मौसम सुहाना है, बैंच पर बैठ कर ठंड़ी हवा के झोकों के बीच अखबार पढने का मजा भी ले लेगें। सर जी, अभी एक अखबार की गाड़ी नही आई है, वो मैं बाद में घर पर ड़ाल दूंगा। कह कर उसने नवभारत टाइम्स पकड़ा दिया। मेन अखबार, हेलो दिल्ली और क्लासीफाइड़ अलग-अलग पकड़ा दिया।

यह देख कर पत्नी ने नाराजगी जाहिर की यह क्या भैया। अलग अलग पन्ने पकड़ा दिये।हंसते हुए उसने कहा, कंपनी वाले तो ऐसे ही हमे देते है। हम सप्लीमेंट अखबार में ड़ाल कर एक बनाते है। आप देख ही रहे हैं। हमारा एक घंटा तो इसी काम में लग जाता है। हम यहां दूसरी गाड़ी का इंतजार कर रहे है। सुबह चार बजे यहां जाते है। गाड़ियों के इंतजार में अच्छा खासा समय लग जाता है।

मौसम की नजाकत देखते हुए नवभारत टाइम्स बगल में दबा कर जपानी पार्क में सुबह की सैर का सुहाने मौसम में लुत्फ लेने लगे। दो घंटे बाद जब वापिस घर पहुँचे, तो श्रीमान अखबारवाला सोसाइटी के गेट पर टकराया।

क्यों भाई, दूसरे अखबार की गाड़ी क्या अब आई। मेरे प्रश्न पर वह झेप गया और धीरे से इस तरह से बोला कि दूसरे को सुनाई न दे सर जी, किसी को कहना नहीं, दूसरी सोसाइटी में पहले चला गया था। कल से आने वाले दस दिनों कर पहले आपकी सोसाइटी में आउंगा। क्या कह कहा था। पत्नी ने आश्चर्य से पूछा। अखबारवाले की बात सुन कर पत्नी झल्ला कर बोली। आपने उसे सिर पर बैठा रखा है। डांट मार कर सबसे पहले अपनी सोसाइटी में आने को कहते। क्या फायदा डांटने का, जिसके यहां देर से अखबार डालेगा, डांट तो सुनेगा।

आपने कभी डांट लगाई, क्या। रोज देर से आता है। आप ऑफिस चले जाते हो, अखबार सजा हुआ पूरे दिन टेबुल पर पडा रहता है। बंद कर दो, अखबार। बासी अखबार का क्या फायदा।

पत्नी ने तो अपनी भडांस निकाल ली, लेकिन अखबार की लत नही छूटी। क्या किसी शराबी ने शराब छोडी? क्या सिगरेट बीडी पीने वाले ने सिगरेट बीडी छोडी? नही न, फिर मैं कैसे अखबार छोड सकता था। अखबारवाला कभी जल्दी तो कभी देरी से। कभी हमारी सोसाइटी में तो कभी दूसरी सोसाइटी में जल्दी। रोज रोज झगडने से क्या फायदा। एक दिन सुबह डोरबेल बजी, दरवाजा खोला तो अखबारवाला था। गुडमॉर्निंग सर, लीजिए आप का पेपर।

मैं आश्चर्य चकित कि आज एक मंजिल ऊपर आ कर हाथों में अखबार पकडाया जा रहा है। लेकिन बिना हाव भव प्रकट किए अखबार लेकर उसके गुडमॉर्निंग का जवाब दिया। सर जी आप की ईएसआई हॉसपीटल में कोई जान पहचान है। हॉसपीटल का नाम सुन कर मैं थोडा आश्चर्य में आ गया क्या हुआ, सब खैरियत तो है न। जी सर सब ठीक है, वहां मैं इंटरव्यू देकर आया हूं। हांलाकि पोस्ट टेम्परेरी है और उम्मीद कम नजर आ रही है, फिर भी कोई जुगाड लग जाए।

ईएसआई हॉसपीटल तो सरकारी हॉसपीटल है। मैं तो प्राईवेट नौकरी करता हूं। सरकारी जान पहचान तो है नही। कोई बात नही सर, बस यही कोशिश कर रहा हूं, कि सरकारी नौकरी लग जाए, तो अखबार डालने का काम छोड दूंगा। चार सोसाइटियों में अखबार डालता हूं, जहां देर हो जाए, लोग खाने को पडते हैं। मजे का काम नही है, अखबार डालना।

उसकी बातों में उदासी थी। वह अपने पेशे से खुश नही था। खैर उसकी बात नही। मैं कौन सा खुश हूं अपनी नौकरी से। दूसरे की थाली में सबको देसी घी नजर आता है। दूसरे की नौकरी और व्यव्साय सबको अच्छे लगते है।

देखो, मेरी तो कोई जान पहचान है नही, लेकिन तुम कोशिश करते रहो। जब तक कोई नौकरी नही मिलती, अखबार डालते रहो।

जी सर कह कर अखबार वाला चला गया। पत्नी ने हमारी बातें सुन कर कहा बहुत फरस्टेटिड लगता है, अखबारवाला। हां, है तो सही, खुद की पेपर ऐजन्सी होती तो खुश होता। करता तो नौकरी है। हर कोई चाहता है, सरकारी नौकरी लग जाए तो ऊम्र भर की तसल्ली हो जाती है और रिटायरमेट के बाद पेंशन। कुछ दिनों के बाद एक दिन सुबह अखबारवाला से पूछा तो मालूम हुआ कि नौकरी तो मिली नही। रिश्वत देने के लिए पैसे थे नही और संघर्ष जारी है जिन्दगी में। दिन बीतते गए, अखबारवाला वोही, कुछ फरस्टेरेशन अधिक लगने लगी। दिवाली का दिन था, ऑफिस की छुट्टी, देर तक बिस्तर में लेटा रहा, तभी कॉलबेल बजी। उठ कर दरवाजा खोला तो सामने अखबारवाला हाथ में अखबार लेकर खडा था।

हैपी दिवाली कह कर मुसकुराते हुए अखबार आगे पकडाये।

एक फरस्टेटिड इंसान को मुसकुराते हुए देख कर आश्चर्य हुआ, फिर संभल कर मुसकुराते हुए उसकी दिवाली ग्रीटिंग का जवाब दिया। अखबार लेकर मैं वापिस मुडा तो उसकी एक बार फिर से आवाज आई सर जी हैपी दिवाली। मुड कर देखा तो वह खडा कानों पर हाथ फेरने लगा। मैं समझ गया कि वह दिवाली का इनाम चाहता है। जेब में हाथ डाला तो एक बीस रूपये का नोट उसको दिया। बीस रुपये लेकर एक फौजी स्यलूट मार कर चहकता हुआ चला गया। मैं सोचता रहा, कि आज तक किसी अखबार वाले ने कभी दिवाली ईनाम नही मांगा। यह पहला अखबार वाला था, जो देरी से अखबार डालता है और दिवाली ईनाम भी ले गया। भाईदूज के दिन वो मुझे मिला और गीली आंखों से डबडबाते हुए कहा सर जी आप के और आप जैसे दूसरे नेक आदमियों के दिवाली ईनाम की बदोलत आज भाईदूज पर मैं अपनी बहन को कुछ उपहार हे सकूंगा। दिल्ली शहर की मंहगाई ने कमर तोड रखी है। बस दो वक्त की रोटी और रहने की छत की नसीब है। आधी कमाई तो घर के किराए में निकल जाती है। भाईदूज के दिन खाली हाथ बहन के घर जाते शर्म आती है। कहते कहते आंखे उसकी भर आई थी।

आखिर हमे समाज की मान्यताऔ को निभाने के लिए कई समझोते करने पडते हैं। जो हम चाहते है, वो अक्सर नही मिलता है। उस अखबार वाले की भी यही समस्या थी। सरकारी नौकरी मिली नही। निजी नौकरी काम ज्यादा और वेतन कम। थक हार कर अखबार बांटने का काम न चाहते हए भी कर रहा था।

कोई बात नही। संघर्ष ही जिन्दगी का दूसरा नाम है। देर सवेर तुमहारे मतलब का काम जरूर मिलेगा। काम कोई भी छोटा नही होता। इज्जत से रोटी मिल जाए, वोही काम बढिया है। मेरी इस बात का उस पर कितना असर हुआ, मुझे नही मालूम, लेकिन दिवाली के बाद होली का भी ईनाम अखबारवाला ले गया। यह सिलसिला कोई दो तीन साल तक चलता रहा। मुझे नई नौकरी के सिलसिले में चार साल दिल्ली से बाहर रहना पडा। ज़ौक ने ठीक ही कहा है, कौन जाए दिल्ली की गलियां छोड कर। आखिर चार साल बाद फिर दिल्ली लौट आया।

सुबह की ट्रेन से वापिस आ गए, लेकिन घर का सामान वाला ट्रक नही पहुंचा। ट्रक वाले को फोन आया कि सामान कल आएगा। रसोई का सामान ट्रक में था। रात का खाना रेस्टोरेंट में खा कर बाहर निकले तो आईसक्रीम खाने के लिए ट्राली पर जैसे ही रूके, एक जाना पहचाना चेहरा मुसकुरा पडा। सर जी कौन सी आईसक्रीम दूं। यह आवाज अखबारवाले की थी, जो आईसक्रीम ट्राली के दूसरी तरफ था। आईसक्रीम खाते खाते उससे बाते होती रही। क्या अखबार का काम छोड दिया।

नहीं सर जी, सुबह अखबार बांटता हूं, शाम को आईसक्रीम की ट्राली लगाता हूं। आपकी उस बात ने मेरी जिन्दगी बदल दी, कि कोई काम छोटा नही होता। बस इज्जत का काम होना चाहिए। अखबार बांटना, आईसक्रीम बेचना इज्जत का काम है। कोई ढंग की नौकरी मिली नही, तो काफी सोच विचार के बाद इसी नतीजे पर पहुंचा कि अखबार और आईसक्रीम बेचने में कोई बुराई नही। आज आईसक्रीम की ट्राली है, कल भगवान ने चाहा तो आईसक्रीम पार्लर भी हो जाएगा। अखबारवाले में बातों में आत्मविश्वास था।

अब हम वापिस आ गए है। सुबह अखबार डाल देना। मुसकुराते हुए अखबारवाले ने कहा जरूर, कल पहला अखबार आपके घर डालूंगा।चलो आपकी बातों से कम से कम अखबारवाले की फरस्टरेशन की दूर हुई। पत्नी ने कहा। अगले दिन सुबह उठने से पहले बॉलकोनी में अखबार पडा था। वायदे के अनुसार अखबारवाले ने पहला अखबार मेरे घर में डाला था।

– 'हिन्दी समय' से साभार।

## संजय उवाच



■ संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com

# भावात्मक गोला

पिछले दिनों 'संजय उवाच' के एक आयोजन के लिए झारखंड के रामगढ़ जनपद के गोला नामक ग्राम में जाने का अवसर मिला। राँची से गोला की दूरी लगभग 64 किलोमीटर है। यहाँ से पास में ही माँ छिन्नमस्तका सिद्धपीठ है। गोला के चित्तरंजन सेवासदन एवं रिसर्च सेंटर के परिसर में स्थित मंदिर में प्रबोधन, सत्संग एवं हरिनाम सुमिरन का आयोजन संपन्न हुआ। तदुपरांत आरती और भंडारा की व्यवस्था थी। इस मंदिर में महादेव-पार्वती, लक्ष्मी-नारायण, श्री गणेश, हनुमान जी, साईंबाबा की मूर्तियाँ स्थापित हैं। आरती आरंभ हुई। सबसे पहले सर्वसामान्य हिंदी आरती 'ओम जय जगदीश हरे' हुई। तदुपरांत देवी की आरती हुई। यह बंगाली में थी। बंगाल और झारखंड के आपस में पड़ोसी होने से यह प्रभाव सहज था। बाद में साईं की आरती हुई। आश्चर्य कि यह आरती मराठी में थी। झारखंड के ग्रामीण भाग में मराठी में आरती सुनना एक भिन्न अनुभव था। हुआ यूँ होगा कि मंदिर का प्रबंधन देखनेवाले श्रद्धालु परिजन शिर्डी आए होंगे और वहाँ से मराठी में उपलब्ध आरती संग्रह अपने साथ ले गए होंगे। समय के साथ लगभग पंद्रह सौ किलोमीटर दूर स्थित मराठी भाषी शिर्डी में गाई जानेवाली आरती अमराठी भाषी गोला में भी उसी भाव से गाई जाने लगी।

चिंतन का सूत्र यहीं जन्म लेता है। भाषा से अधिक महत्वपूर्ण है भाव। यूँ देखें तो भावों की शाब्दिक अभिव्यक्ति ही भाषा है। भाव ही मनुष्य-मनुष्य के बीच तादात्म्य स्थापित करता है। भाव को भाव के स्तर पर ग्रहण किया जाए तो जीवन के प्रति दृष्टिकोण ही बदल जाता है।

भाषा इहलोक का साधन हो सकती है, ईश्वर तक तो भाव ही पहुँचता है। शबरी द्वारा अपने जूठे बेर खिलाने के पीछे छिपा वात्सल्यभाव महत्वपूर्ण था। इतना महत्वपूर्ण कि प्रभु प्रशंसा करते नहीं थकते।

कंद मूल फल सुरस अति दिए राम कहुँ आनि।
प्रेम सहित प्रभु खाए बारंबार बखानि।।

भाव-विभोर विदुर द्वारा केले फेंकना और केले के छिलके प्रभु को खिलाने में भी भाव ही महत्वपूर्ण था। सुदामा के पोहे में जो प्रेमरस था, राजभोग उसके आगे फीका था।

गोला की धरती से मिला भाव सुधी साधकों और पाठकों के साथ साझा कर रहा हूँ। इस पर मनन हो सके, भाव के स्तर पर भाव ग्रहण हो सके तो भावात्मकता का एक गोला तैयार हो सकता है। शुभं अस्तु।

## बोध कथा

# योग्य शिष्य का चुनाव

एक संत महात्मा थे, गांव से कुछ ही दूर जंगल के पास उनकी कुटिया थी जहां वे निवास करते थे और भक्ति भजन में लगे रहते थे। गांव के लोग भी महात्मा के दर्शन के लिए रोजाना जाया करते थे और उनसे ज्ञान की बातें सुना करते थे, महात्मा रोज शाम को गांव वालों को प्रवचन में अच्छी-अच्छी बाते बताया करते थें। उनके ज्ञानवर्धक प्रवचन का असर इस कदर फैला हुआ था कि दो व्यक्ति उनसे बहुत अधिक प्रभावित थे। उन दो व्यक्तियों का मन था की महात्मन उन्हें अपना शिष्य (चेला) बना लें और अपने साथ अपने कुटिया में रखकर सेवा का मौका दें एक दिन जब महात्मा गांव वालों को प्रवचन देकर उठे तब उन दो व्यक्तियों ने अपनी इक्षा महात्मा के सामने रखी। दोनों व्यक्तियों ने महात्मा से बोला हे गुरुदेव, हमें अपना शिष्य बना लीजिये।

महात्मा ने दोनों को देखते हुए बोला कि तुम दोनों मेरा शिष्य बनना चाहते हो परन्तु शिष्य तो कोई एक बन सकता है। दोनों व्यक्ति महात्मा से निवेदन करने लगे कि हमें अपना शिष्य बना लीजिये। एक बोलता हमे शिष्य बनाइये, दूसरा बोलता हमे बनाइये।

तब गुरुजी (महात्मा) ने कुछ फैसला लिया और फिर दोनों से बोले कि देखों तुम दोनों को मेरा शिष्य बनने के लिए एक परीक्षा देना होगा। और जो इस परीक्षा में पास हो जायेगा वह मेरे शिष्य बनने के योग्य होगा। दोनों व्यक्ति मान गए और बोले, ठीक है गुरुजी बताइये हमें कौन सी परीक्षा देनी है। गुरुजी ने उन दोनों को एक तिनका (बांस की पतली सी लकड़ी) दिया और बोले की कल सुबह जब प्रवचन सुनने के लिए आओगे तब इस लकड़ी के टुकड़े को बीच से तोड़ के लाना। और याद रहे कि इस लकड़ी को ऐसे जगह तोड़ना जहाँ तुम्हे कोई देख ना रहा हो। और फिर दोनों व्यक्ति गुरूजी से आशीर्वाद लेकर अपने-अपने घर चले गएँ। दूसरे दिन दोनों गुरुजी के पास लौटकर आये। गुरूजी ने उनसे सवाल किया कि कल जो मैने तुम्हे आज्ञा दी थी उसे तुम दोनों ने पूरा किया। पहला व्यक्ति बोला हां गुरूजी यह रही आपकी लकड़ी का तिनका जिसे मैने घर से कुछ दुरी पर जाकर शांत वातावरण में जहाँ कोई नहीं था वहा दो टुकड़ो में तोड़ लिया है।

फिर गुरूजी ने दूसरे व्यक्ति से बोला कि तुम भी दिखाओ लड़की का वह टुकड़ा जिसे तुमने अकेले में तोडा होगा। वह व्यक्ति बोला मुझे क्षमा कीजिये गुरुदेव परन्तु मै उस लकड़ी को तिनके को दो भागों में नहीं तोड़ पाया। गुरूजी बोले ऐसा क्यों व्यक्ति ने जवाब दिया गुरुजी मैने उस लकड़ी के तिनके को तोड़ने के लिए प्रयास किया परन्तु मुझे ऐसा कोई एकांत जगह मिला ही नहीं जहाँ मुझे कोई देख ना रहा हो इस वजह से मै उसे तोड़ नहीं पाया।

क्योंकि मै जहाँ-जहाँ गया वहा मै अकेला नहीं था जंगल में पेड़-पौधे मेरे साथ थे जमीन और आकाश मुझे हमेसा देख रहे थे ऐसा कोई जगह ही नहीं मिला जहाँ मै अकेला होता। गुरूजी उस व्यक्ति की बात से प्रशन्न हुए और उसे अपना शिष्य बना लिया। दोस्तों जो चीज हमें सरल लगती है या कोई गुरु ऐसा बात कहे जिसका अर्थ बड़ा सरल सा लगे तो जरुरी नहीं है की उसका जवाब या हल भी सरल ही हो। जीवन में कई बार ऐसे चीज़ें होती है जो दिखने में तो सरल लगती है परन्तु उसका अर्थ या उत्तर उतना सरल नहीं होता।



## वीर गाथा

# ले. कर्नल निरंजनः सैनिक बनने के लिए धड़कता था दिल, साथियों की जान बचाकर हो गए अमर

लेफ्टिनेंट कर्नल एलंबुलेसरी कलारिक्कल निरंजन का जन्म 02 मई, 1981 को केरल के पालघाट में हुआ था। उनका परिवार एलंबुलसेरी गांव से था। माता राधा देवी और पिता चंद्र शिवराजन के वीर पुत्र निरंजन का बचपन बेंगलूरु में बीता था, जहां उनके पिता नौकरी करते थे। उन्होंने स्कूल और कॉलेज की शिक्षा यहीं से प्राप्त की थी।

निरंजन ने इंजीनियरिंग की डिग्री ली थी, लेकिन उनका दिल सैनिक बनने के लिए धड़कता था। असल में वे बचपन से ही सैनिक बनना चाहते थे। साल 2003 में उनका चयन ओटीए चेन्नई के लिए हो गया।

निरंजन को सितंबर 2004 में कोर ऑफ इंजीनियर्स में कमीशन मिला। इसके बाद उन्हें असम के तेजपुर में तैनात किया गया। वहां से जम्मू-कश्मीर, मिजोरम और देश के विभिन्न इलाकों में सेवा करने के लिए भेजा गया। उनकी योग्यता को देखते हुए उन्हें एनएसजी में तैनात किया गया, जहां बम निरोधक दस्ते में सेवा देकर अनेक लोगों की जानें बचाईं।

साल 2016 का आगमन हुआ तो एक ओर जहां पूरी दुनिया नए साल की खुशियां मना रही थी, वहीं हमारा पड़ोसी देश पाकिस्तान आतंकवादी भेजकर तबाही के जाल बुन रहा था। उसके आतंकवादियों ने भारतीय वायुसेना के पठानकोट स्टेशन पर हमला बोला था।

उनके निशाने पर वह इलाका था, जहां वे धमाका करने में कामयाब हो जाते तो देश को भारी नुकसान होता। भारतीय सैनिकों ने जान की बाजी लगाकर उन आतंकवादियों का खात्मा कर दिया।

तीन जनवरी को ले. कर्नल निरंजन के नेतृत्व में बम निरोधक दस्ता भी वहां मौजूद था। उन पर संबंधित इलाके को विस्फोटक से पूरी तरह सुरक्षित बनाना था। निरंजन आगे बढ़कर अपनी टीम का नेतृत्व कर रहे थे। उन्होंने देखा कि मुठभेड़ के दौरान फेंके गए ग्रेनेड और विस्फोटक बिखरे हुए थे।

ले. कर्नल निरंजन वहां से विस्फोटक एकत्रित कर रहे थे, इसी दौरान एक उपकरण सक्रिय हो गया। निरंजन जानते थे कि अब बड़ा धमाका होने वाला है, जिसको ध्यान में रखते हुए अपने साथियों की जान बचाना जरूरी है। उन्होंने साथी जवानों को तुरंत वहां से हटने का आदेश दिया। इसी दौरान धमाके में निरंजन वीरगति को प्राप्त हो गए। उन्होंने अपने कर्तव्य पालन के दौरान साथियों की जान बचाने के लिए जिस साहस का परिचय दिया, देशवासी उसे नमन करते हैं।



महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत




**लॉन्च**

तेलुगू अभिनेत्री काव्या कल्याणराम शनिवार को हैदराबाद में ओराफो ज्वेल्स ई-कॉमर्स पोर्टल के लॉन्च पर।

# यहूदी विरोधी टिप्पणी का समर्थन करने के लिए अमेरिका ने मस्क की आलोचना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



सैन फ्रांसिस्को। अमेरिका ने यहूदी विरोधी भावना और नस्लवादी घृणा को बढ़ावा देने वाली टिप्पणी का समर्थन करने के लिए उद्योगपति एलन मस्क की आलोचना की है जबकि एप्पल जैसी कई शीर्ष अमेरिकी कंपनियों ने उनके सोशल मीडिया मंच 'एक्स' से विज्ञापन हटा दिए हैं। मस्क (52) ने बुधवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट का समर्थन किया था, जिसमें दावा किया गया था यहूदी लोग श्वेत लोगों के खिलाफ नफरत फैला रहे है। मस्क ने पोस्ट का समर्थन करते हुए लिखा था कि ग्रेट रिप्लेसमेंट षड़यंत्र सिद्धांत का संदर्भ देने वाला यह उपयोगकर्ता सच बोल रहा है। ग्रेट रिप्लेसमेंट षड़यंत्र सिद्धांत के अनुसार यहूदी बिना दस्तावेजों के लोगों को पश्चिमी देशों में लाना चाहते हैं ताकि इन देशों में श्वेत बहुसंख्यकों की आबादी कम हो जाए। नफरत फैलाने वाले समूह अकसर इस सिद्धांत का समर्थन करते हैं।

व्हाइट हाउस के प्रवक्ता एंड्रयू बेट्स ने कहा, यहूदी विरोधी भावना के तहत घृणित झूठ को दोहराना अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति जो बाइडन ने कुछ हफ़्ते पहले पिट्सबर्ग सिनेगॉग गोलीबारी के पीड़ितों को याद करते हुए कहा था कि सात अक्टूबर को विनाशकारी हमले ने सहस्राब्दियों से यहूदी विरोधी भावना से संबंधित दर्दनाक यादें ताजा कर दीं।

बेट्स ने कहा, बाइडन के नेतृत्व में हम हर मोड़ पर यहूदी विरोधी भावना की निंदा करते रहेंगे। मस्क की टिप्पणी का विरोध करते हुए अमेरिका की कई शीर्ष कंपनियों ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपना विज्ञापन हटाने की घोषणा की है। इन कंपनियों में एप्पल, ओरेकल, एनबीसी यूनिवर्सल का ब्रैवो नेटवर्क और कॉमकास्ट शामिल हैं।

**अनुष्ठान**




पटना में शनिवार को चार दिवसीय छठ पूजा उत्सव के दूसरे दिन अनुष्ठान करने जाते श्रद्धालु।

# राजनाथ सिंह ने सिंगापुर में सुभाष चंद्र बोस को पुष्पांजलि अर्पित की

नयी दिल्ली/दक्षिण भारत। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इंडोनेशिया से लौटते समय शनिवार को सिंगापुर का संक्षिप्त दौरा किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सिंह ने सिंगापुर में आजाद हिंद फौज (आईएनए) स्मारक में नेताजी सुभाष चंद्र बोस को पुष्पांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्री ने 10 देशों वाले आसियान समूह और उसके कुछ संवाद भागीदारों की बैठक में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता की दो दिवसीय यात्रा की। मंत्रालय ने कहा, इंडोनेशिया की अपनी यात्रा पूरी करने के बाद, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश लौटते समय 18 नवंबर को सिंगापुर का संक्षिप्त दौरा किया। मंत्रालय ने कहा कि आईएनए के अज्ञात योद्धाओं की स्मृति में एक स्मारक के निर्माण का प्रस्ताव खुद नेताजी ने किया था और उन्होंने जुलाई 1945 में इसकी आधारशिला रखी थी। सिंह ने 'एक्स' पर कहा, सिंगापुर में आईएनए स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। आईएनए के अज्ञात योद्धाओं को मेरी हार्दिक श्रद्धांजलि। मंत्रालय ने कहा कि रक्षा मंत्री ने भगवान विष्णु को समर्पित श्री श्रीनिवास पेरुमल मंदिर में भी पूजा-अर्चना की, जो सिंगापुर के सबसे पुराने हिंदू मंदिरों में से एक है।

# डेविड बेकहम की भारत यात्रा समाप्त, शाहरुख तथा सोनम को धन्यवाद दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



मुंबई। इंग्लैंड के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी डेविड बेकहम ने सुपरस्टार शाहरुख खान और अभिनेत्री सोनम कपूर को उनकी शानदार मेजबानी के लिए धन्यवाद देते हुए अपनी भारत यात्रा संपन्न की। फुटबॉल के सुपरस्टार ने इंस्टाग्राम पर शाहरुख के साथ तस्वीरें साझा कीं। 58 वर्षीय अभिनेता ने उन्हें बृहस्पतिवार को अपने मुंबई स्थित आवास 'मन्नत' में रात्रि भोजन के लिए आमंत्रित किया था। सोनम और उनके पति आनंद आहूजा ने बुधवार को अपने घर पर बेकहम के सम्मान में एक भव्य पार्टी का आयोजन किया था। बेकहम ने लिखा,' सुपरस्टार के घर में स्वागत पाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। शाहरुख खान, गौरी खान, उनके बच्चों और करीबी दोस्तों के साथ भोजन का आनंद लेना मेरी भारत की पहली यात्रा को समाप्त करने का खास तरीका रहा। धन्यवाद दोस्त, आपका और आपके परिवार का हमेशा मेरे घर पर स्वागत है।'

उन्होंने कहा, सोनम कपूर और आनंद आहुजा, आप दोनों ने इस सप्ताह गर्मजोशी के साथ मेरी मेजबानी की। अपने घर पर अद्भुत शाम के आयोजन के लिए धन्यवाद, जल्द ही फिर मिलेंगे। 48 वर्षीय पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी इस सप्ताह की शुरुआत में यूनिसेफ के सद्भावना दूत के रूप में देश में आए थे जिसकी भूमिका उन्होंने वर्ष 2005 में संभाली थी। बेकहम भारत आने के साथ ही सबसे पहले बाल अधिकारों और लैंगिक समानता के लिए यूनिसेफ कार्यक्रम के हिस्से के रूप में गुजरात गए जो विश्व बाल दिवस 2023 का वैश्विक विषय भी है। बेकहम ने इसके बाद बुधवार को भारत बनाम न्यूजीलैंड के बीच विश्व कप का सेमीफाइनल मुकाबला देखा जिसमें उनके साथ जॉन अब्राहम, रणबीर कपूर, कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा सहित कई भारतीय हस्तियों को देखा गया। इसके बाद वह सोनम कपूर की पार्टी में शामिल हुए।

शाहरुख ने बाद में अपने इंस्टाग्राम पर पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी बेकहम के साथ एक तस्वीर साझा कर उन्हें 'सज्जन व्यक्तित्व' वाला बताया।

अभिनेता ने पोस्ट में लिखा,'हमेशा से उनका बहुत बड़ा प्रशंसक रहा हूं लेकिन उनसे मिलकर और यह देखकर की बच्चों के साथ उनका कैसा व्यवहार है, मुझे एहसास हुआ कि उनके खेल की एकमात्र विशेषता उनकी दयालुता और सज्जनता है। आपके परिवार को मेरा प्यार।'

# पाकिस्तान, रूस ने आतंकवाद के खतरों और विभिन्न वैश्विक, क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इस्लामाबाद। पाकिस्तान और रूस ने आतंकवाद के खतरों और विभिन्न वैश्विक एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारियों ने 16 नवंबर को यहां अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद और सुरक्षा की अन्य चुनौतियों से निपटने पर रूस-पाकिस्तान संयुक्त कार्य समूह की 10वीं बैठक में आतंकवाद से निपटने के मुद्दे पर चर्चा की। दोनों देशों ने आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए निरंतर सतर्कता बरतने पर जोर दिया। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, दोनों पक्षों ने आतंकवाद के खतरों और विभिन्न वैश्विक एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की, जिसमें अफगानिस्तान, मध्य तथा दक्षिण एशिया और उत्तरी अफ्रीका की स्थितियों पर विशेष ध्यान दिया गया। बयान में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने आतंकवाद से निपटने के लिए अपनी-अपनी राष्ट्रीय रणनीतियों और उपायों की रूपरेखा तैयार की। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान और रूस ने आतंकवाद के खिलाफ व्यापक लड़ाई में राष्ट्रीय प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने अनुभव और विचारों को साझा किया।

इसमें कहा गया है कि बैठक की सह-अध्यक्षता पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त विदेश सचिव सैयद हैदर शाह और रूसी संघ के उप विदेश मंत्री, राजदूत सर्गेई वर्शिनिन ने की। बयान में कहा गया है कि बैठक में कट्टरपंथ का मुकाबला करने, आतंकवादी मंसूबों के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल को रोकने, आतंकवादी एवं चरमपंथी विचारधारा के प्रसार और आतंकवाद के वित्तपोषण पर अंकुश लगाने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। इसमें कहा गया है कि दोनों देश इन चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए व्यापक रणनीतियों की आवश्यकता पर सहमत हुए।

# टाइगर फ्रेंचाइज की फिल्में दिल के करीब : कैटरीना कैफ

मुंबई/वार्ता



बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ का कहना है कि टाइगर फ्रेंचाइज की फिल्में उनके दिल के करीब है। सलमान खान और कैटरीना कैफ की फिल्म टाइगर 3 ,12 नवंबर को रिलीज़ हुयी है। टाइगर 3 बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ की कमाई कर चुकी है। टाइगर 3 से पहले इस फ्रेंचाइजी के दो पार्ट एक था टाइगर (2012) और टाइगर जिंदा है (2017) रिलीज हो चुके हैं।कैटरीना कैफ ने कहा,मैं फिल्म टाइगर 3 के कलेक्शन से बेहद उत्साहित हूं।हर कलाकार को दर्शकों का मनोरंजन करना सबसे ज्यादा खुशी देता है। दर्शकों का प्यार ही इस फ्रेंचाइज को भी बनाते रहने की प्रेरणा देता है। कैटरीना कैफ ने कहा,टाइगर फ्रेंचाइज की फिल्में मेरे दिल के करीब है और अब हमारी जिंदगी का हिस्सा बन गई है। अभिनेत्रियों को अब दमदार अंदाज में पेश करने के मौके हैं। मैं यहां केवल एक्शन की ही बात नहीं कर रही हूं। टाइगर फ्रेंचाइज की पिछली दो फिल्मों में भी मैंने एक्शन किया था। लेकिन इस बार मेरे पात्र में गहराई है, एक समझदारी है, वह कहानी को आगे बढ़ा रही है।

# फिल्म 'फर्रे' का टाइटल ट्रैक रिलीज

मुंबई/वार्ता



बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की भांजी अलीजेह अग्निहोत्री की आने वाली फिल्म फर्रे का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। अलीजेह अग्निहोत्री ,सलमान खान की प्रोडक्शन कंपनी के बैनर तले बनी फिल्म फर्रे से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही है। फिल्म फर्रे का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। इस फिल्म का टाइटल ट्रैक एमसी स्टेन, सचिन-जिगर और मानुनी देसाई ने गाया है।सचिन-जिगर द्वारा रचित और इस गीत कोअभिषेक दुबे ने लिखा है।फर्रे का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सौमेंद्र पाधी ने किया है। फिल्म फर्रे में अलीज़ेह, ज़ेन शॉ, साहिल मेहता, प्रसन्ना बिष्ट, रोनित बोस रॉय और जूही बब्बर सोनी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। हाई-स्कूल थ्रिलर ड्रामा अतुल अग्निहोत्री, अलवीरा अग्निहोत्री, निखिल नमित और सुनील खेतरपाल ने इस फिल्म को प्रोड्यूस किया है। फर्रे 24 नवंबर 2023 को रिलीज़ होगी।


# काजोल का डीपफेक वीडियो वायरल

मुंबई/एजेन्सी



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के विकास के साथ-साथ डीपफेक का मुद्दा भी बढ़ रहा है। अभिनेत्री रश्मिका मंदाना और कैटरीना कैफ के बाद, अब काजोल डीपफेक विवाद का शिकार हो गई हैं। एक इंटरनेट इंफ्लूएंसर के वीडियो पर काजोल का चेहरा लगा दिया गया है। हालांकि, मूल क्लिप को इस साल जून में इंफ्लूएंसर रोजी ब्रीन ने टिकटॉक पर 'गेट रेडी विद मी' ट्रेंड के हिस्से के रूप में शेयर किया था। लेकिन, यह हाल ही में फिर से सामने आया, जिससे एआई के उपयोग पर चिंताएं पैदा हो गईं। वीडियो में ब्रीन का चेहरा काजोल के चेहरे से बदल दिया गया है। क्लिप में 'माई नेम इज खान' की अभिनेत्री को कथित तौर पर कैमरे पर कपड़े बदलते दिखाया गया। दरअसल, मूल वीडियो रोजी का था। एक पल के लिए, हेरफेर किए गए वीडियो में, मूल महिला का चेहरा दिखाया गया है।

रश्मिका मंदाना के मामले में, डीपफेक वीडियो में काले कपड़े पहने एक महिला को लिफ्ट में प्रवेश करते हुए दिखाया गया था। उसके चेहरे को इस तरह से तोड़-मरोड़कर पेश किया गया कि वह अभिनेत्री जैसा लगे। कुछ दिनों पहले कैटरीना कैफ की भी एक डीपफेक फोटो वायरल हुई थी।




# फिल्म 'सनम' की शूटिंग शुरू

मुंबई/वार्ता

वर्ल्ड वाइड प्रस्तुत रत्नाकर कुमार की फिल्म सनम की शूटिंग शुरू हो गयी है। फिल्म सनम में राहुल शर्मा मुख्य भूमिका में मेघाश्री के साथ नजर आएंगे। यह फिल्म रोमांटिक जॉनर की है, जिसे रत्नाकर कुमार प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म के निर्देशक अनंजय रघुराज हैं। फिल्म सनम को लेकर निर्माता रत्नाकर कुमार ने कहा कि अच्छी और कमर्शियल फिल्में बनाना मेरी प्राथमिकता है। वर्ल्ड वाइड के बैनर से बनने वाली हर फिल्म दर्शकों के इमोशन और डिमांड के अनुसार अच्छे सब्जेक्ट पर बनती है और लोग हमें प्यार भी देते हैं। इसी कड़ी में हमारी अगली फिल्म सनम है, जो रोमांस और सामाजिक तानेबाने से गुलजार है। कहानी जबरदस्त है और इसकी मेकिंग भी बड़े स्तर पर हो रही है। स्टार कास्ट भी लाजवाब है। राहुल शर्मा को दर्शकों में उनकी पहली फिल्म में खूब प्यार दिया था। उनको लेकर हम यह फिल्म बना रहे हैं। वहीं अभिनेत्री मेघा श्री कई शानदार फिल्में कर चुकी हैं। फिल्म की पूरी टीम शानदार है और उम्मीद है कि फिल्म को हम इस साल के अंत तक रिलीज कर पाएं। लेकिन फिलहाल हमारा फोकस फिल्म के शूट पर है, जहां अनंजय रघुराज के हाथों में फिल्म की बागडोर है।

अनंजय रघुराज ने निर्माता रत्नाकर कुमार के साथ फिल्म की पूरी क्रू का आभार जताते हुए कहा कि बिहार यूपी में छठ पूजा की धूम है। बावजूद इसके सभी कलाकार फिल्म के लिए गोरखपुर में हैं। मैं सबों की तरफ से भगवान भास्कर से कामना है कि हमारे फिल्म को सफल बनाएं। जहां तक फिल्म की बात रही तो इसमें कोई शक नहीं है कि यह फिल्म एक बार फिर से बॉक्स ऑफिस चौंकाएगा। फिल्म के बारे में बस यही कहूंगा कि हम ऐसी फिल्म बना रहे हैं, जो भोजपुरी सिनेमा की ऊंचाइयों की ओर ले जायेगा।

राहुल शर्मा फिल्म सनम को लेकर उत्साहित नजर आए और कहा कि यह फिल्म मुझे दर्शकों के प्यार और मेहनत की वजह से रत्नाकर सर ने दी है। तो मेरी फिर कोशिश यही है कि अपने किरदार को जीवंत करूं और फिल्म दर्शकों को पसंद आएं। फिल्म सनम में राहुल शर्मा और मेघा श्री के साथ रोहित सिंह मटरू, प्रीति मौर्य, विनोद मिश्रा, संजीव मिश्रा मुख्य भूमिका में हैं। कहानी राकेश त्रिपाठी ने लिखी है। कोरियोग्राफर एम के गुप्ता जॉय हैं। संगीतकार साजन मिश्रा और शुभम तिवारी है। एक्शन दिलीप यादव का है।

# कंगना ने की नई फिल्म की अनाउंसमेंट, आर.माधवन के साथ आएंगी नजर

मुंबई/एजेन्सी



कंगना रनौत की गत माह प्रदर्शित हुई फिल्म तेजस बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हुई थी। तेजस के सुपर फ्लॉप होने के बाद कंगना एक बार फिर काम में जुट गई हैं और उन्होंने अपनी अगली फिल्म पर काम भी शुरू कर दिया है। शनिवार को एक्ट्रेस ने खुद सोशल मीडिया पर इसकी अनाउंसेंट की। कंगना ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स पर अनाउंस किया कि उन्होंने एक फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है जो एक साइकलॉजिकल थ्रिलर है। हालांकि कंगना ने अपनी अपकमिंग फिल्म का टाइटल रिवील नहीं किया है। कंगना ने शूटिंग के मूहर्त की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, आज चेन्नई में हमने अपनी नई फिल्म, एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर की शूटिंग शुरू की। बाकी की डिटेल्स जल्द ही लाएंगें। फिलहाल इस बेहद असामान्य और रोमांचक स्क्रिप्ट के लिए आपके सपोर्ट और आशीर्वाद की जरूरत है।'' अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कंगना ने मूहर्त शॉट की एक तस्वीर भी शेयर की है और सभी से आशीर्वाद मांगा है। इसके साथ उन्होंने लिखा, आज से शुरू हो रही हमारी नई जर्नी के लिए आप सभी के प्यार और आशीर्वाद की जरूरत है, मेरे कई फेवरेट्स के साथ। कंगना ने ये भी खुलासा किया कि वे निर्देशक ए एल विजय के साथ नई फिल्म कर रही हैं उन्होंने निर्देशक के साथ भी अपनी तस्वीर शेयर की है।

# एक्शन हीरो होने पर गर्व महसूस करते हैं सलमान खान

मुंबई/वार्ता



बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान एक्शन हीरो होने पर गर्व महसूस करते हैं। सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 ,12 नवंबर को रिलीज़ हुयी है। टाइगर 3 बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ की कमाई कर चुकी है।सलमान खान ने कहा, मैं उस प्यार के लिए आभारी हूं जो उन्होंने मुझ पर वर्षों से बरसाया है और उस प्यार के लिए भी जो उन्होंने मेरी टाइगर फ्रेंचाइजी को दिया है! मैंने अब तक तीन बार सुपर-स्पाई टाइगर की भूमिका निभाई है। इसलिए, यह सराहना मेरे लिए सफलता की हैट्रिक की तरह महसूस होती है। यह एक ऐसा किरदार है जिसके लिए मैंने हर बार अपना शरीर दांव पर लगाया है। वास्तव में मैंने इसमें अपना सब कुछ दे दिया है। इसलिए, इन फिल्मों की सफलता भी मेरे लिए बहुत व्यक्तिगत है। सलमान खान ने कहा, मुझे एक्शन हीरो होने पर बहुत गर्व है और मैं भाग्यशाली हूं कि लोगों ने मुझे कई फिल्मों में इस अवतार में पसंद किया है। इस शैली के साथ बार-बार सफलता का स्वाद चखना बहुत अच्छा लगता है क्योंकि लोगों को खुश करना सिनेमा की आसान शैली नहीं है। आपको लगातार नया आविष्कार करना होगा और दर्शकों को कुछ नया देना होगा।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

गलतियाँ हर इंसान करता है। लेकिन इसे स्वीकार हर कोई नहीं कर पाता।शायद ही कभी आपने इस बात को गंभीरता से लिया हो कि गलती हुई इसे स्वीकार कर लेने से क्या हो जाएगा या नहीं करते हैं तो उससे क्या फर्क पड़ेगा। याद रखिए गलती होने पर उसे स्वीकार कर लेना आपको आगे ले जाने वाले गुणों में से एक है। वे आगे बोले कि मानव स्वभाव है गलतियाँ करने का। गलतियाँ सभी से होती हैं। भले ही सो गलतियाँ करो लेकिन उन्हें दोहराओ मत। क्योंकि गलतियों को दोहराना मूर्खता है। गलती हो उसे स्वीकार करो। कुछ गलतियाँ होती हैं जो अनजाने में हो जाती हैं और कुछ होती हैं जो आपसे जानबूझकर होती हैं।



जैन डायलिसिस केन्द्र में डॉ. धींग का सम्मान करते न्यासीगण।

# निष्ठापूर्वक श्रम व समय देना भी महत्वपूर्ण : डॉ. दिलीप धींग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। श्री शंकरलाल सुंदरबाई शसुन जैन कॉलेज के जैनविद्या विभाग में शोध-प्रमुख डॉ. दिलीप धींग ने कहा कि सेवा कठिन साधना है। जैन दर्शन में इसे आंतरिक तप की श्रेणी में रखा गया है। शुक्रवार को श्री सुमति विशाल जैन एजुकेशनल ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित महालिंगपुरम स्थित श्री सुमति विशाल जैन डायलिसिस केन्द्र में उन्होंने कहा कि किसी सेवाकार्य निरंतरता सराहनीय है। जिस प्रकार धनदाता का महत्व होता है, उसी प्रकार निष्ठापूर्वक समय व श्रम देने वालों का भी महत्व होता है। न्यासी गौतम कटारिया ने बताया कि केन्द्र के शुभारंभ की घोषणा 2013 में शसुन जैन कॉलेज के प्रांगण में ही हुई थी। ज्ञानचंद रुणवाल ने बताया कि पिछले दस वर्ष में लगभग 27 हजार डायलिसिस करके मानवता की सेवा की है। इसके अलावा पांच मशीनें अन्य केन्द्रों को सेवार्थ समर्पित की हैं। विमल नाहर ने बताया कि यहां केन्द्र में छह मशीनें हैं। इस अवसर पर न्यासियों ने डॉ. धींग का सम्मान किया। प्रबंधक नरेन्द्र भट्ट ने आभार जताया।



# ज्ञान की आराधना और साधना का महापर्व है ज्ञान पंचमी : महासती धर्मप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। ज्ञान की आराधना का महापर्व है ज्ञान पंचमी। शनिवार को साहुकार पेट भवन में महासती धर्मप्रभा ने ज्ञान पंचमी पर आयोजित धर्मसभा में श्रोताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि ज्ञान आत्मा का श्रृंगार है और जीवन यापन का साधन है। बिना ज्ञान के मनुष्य न धन कमा सकता है और नाहि संसार से मुक्ति प्राप्त कर सकता है। ज्ञान के बिना जीवन शून्य है। संसार में ज्ञान ही एक मात्र तरीका है जिससे मनुष्य धन प्राप्त कर सकता है और आत्मा को मुक्ति, इस संसार में सबसे पवित्र और मूल्यवान कोई वस्तु है तो वह ज्ञान।

जिसे कोई चुरा नहीं सकता है, ज्ञान को जितना मनुष्य बांटेगा उतना ही उसका ज्ञान बढ़ेगा, घटने वाला नहीं है। अपनी आत्मा को जानना है तो ज्ञान से ही वो जान सकता है बिना ज्ञान के उसे न परमात्मा मिलने वाले हैं और ना ही वह धन कमा सकता है। मनुष्य अपने ज्ञान का जितना सदउपयोग करेगा उतनी ही जीवन मे सफलता प्राप्त कर सकता है। और अपने ज्ञान को बढ़ा सकता है।

साध्वीवृंद के सान्निध्य में एस.एस.जैन संस्कार महिला शाखा की अध्यक्ष सपना ललवाणी, मंत्री शीतल बेताला, सुमन कोठारी, किरण नाहर, मोनिका बेताला आदि पदाधिकारियों और मंडल की सदस्याओं और दानदाताओं के सहयोग से महिला जैन संस्कार महिला शाखा ने जरूरत मंद गरीब शिक्षा प्राप्त करने वाले 1500 से अधिक बालक-बालिकाओं को ज्ञान दान परोपकार कार्यक्रम के तहत पढाई लिखाई के लिए बच्चों को जैन भवन में किट वितरण किये।

# बालब्रह्मचारी आचार्य शोभाचंद्र की जयंती ज्ञान दिवस के रूप में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। शनिवार को यहां रत्नवंश के छठे पट्टधर जीवन निर्माण के शिल्पकार बालब्रह्मचारी आचार्य भगवन्त पूज्यश्री शोभाचंद्रजी म.सा का जन्म दिवस श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ के तत्वावधान में ज्ञान दिवस के रूप मे स्वाध्याय भवन साहूकारपेट में मनाया गया। विशेष रूप से ज्ञान पंचमी तिथि के पावन प्रसंग पर वरिष्ठ स्वाध्यायी आर .वीरेन्द्र कांकरिया ने मति श्रुत अवधि ज्ञान, मन पर्यय व केवल ज्ञान, मति श्रुत अज्ञान व विभंग ज्ञान का विस्तृत विवेचन किया। श्रावक संघ के कार्याध्यक्ष आर नरेन्द्र कांकरिया ने जोधपुर में पिता भगवानदास छाजेड- माता पार्वती के यहां जन्म लेने वाले बालक शोभा के बाल्यकाल, दृढ़ वैराग्य आचार्यश्री कजोडीमल म.सा के पास बसन्त पंचमी के पर्व पर तेरह वर्ष की वय में दीक्षित होने से लेकर जीवन चरित्र के अनेक संस्मरणों का उल्लेख किया।

माधवमुनि के संग ज्ञान चर्चाओं व उनके द्वारा की गयी गुरुभाई आचार्यश्री विनयचंद्रजी म.सा व दीक्षा गुरु आचार्यश्री कजोडीमल म.सा की सेवा पर प्रकाश करते हुए बताया कि 45 चातुर्मास गुरु की सेवा में और 11 चातुर्मास आचार्य बनने के पश्चात आचार्य शोभाचन्द्र ने किए। उन्हें जीवन निर्माण के शिल्पकार के रूप मे जाना जाता हैं। आपके आचार्य काल मे आचार्य हस्ती, चौथमल म. सा. रूपा सती, अमृत कवर सहित अनेक सन्त-सतियों की दीक्षाएं हुई। 69 वर्ष की वय में संथारा पूर्वक समाधि मरण का वरण किया। वरिष्ठ श्रावक चम्पालाल बोथरा ने आचार्य शोभाचंद्र के गुणगान करते हुए अनेक घटनाओं का उल्लेख किया। पुष्पलता गादिया ने नीवी के प्रत्याख्यान किए। प्रत्याख्यान श्रावक संघ के उपाध्यक्ष अम्बालाल कर्णावट ने कराये। जीवन संकल्प-जैन संकल्प दीपक श्रीश्रीमाल व कांतिलाल तातेड़ ने करवाये। लीलमचन्द बागमार, योगेश श्रीश्रीमाल, विकास चोरडिया, के. प्रकाशचंद ओस्तवाल की सामायिक परिवेश में उपस्थिति प्रमोदजन्य रही। वीरेन्द्र कांकरिया ने मंगल पाठ सुनाया। तीर्थंकरों, आचार्य भगवन्तों, उपाध्याय श्री भावी आचार्यश्री, साध्वी प्रमुखा, चरित्र आत्माओं की जयजयकार संग आचार्य शोभाचंद्र का जन्मदिवस कार्यक्रम ज्ञानदिवस के रूप मे सुसंपन्न हुआ।

# 'ज्ञान ही अक्षय तत्व है जो सदैव साथ रहता है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के सिमंधरस्वामी राजेंद्रसूरी ट्रस्ट मामुलपेट के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास में गुरु राजेन्द्र भवन किलारी रोड में विराजित साध्वी भव्यगुणाश्रीजी ने कहा कि ज्ञान ही एक मात्रा ऐसा अक्षय तत्व हैं, जो कही भी,कभी भी,किसी भी अवस्था में और किसी भी काल में मनुष्य का साथ नहीं छोड़ता। साध्वी शीतलगुणाश्रीजी ने कहा कि विनम्रता अथवा सहनशीलता ही मानव जीवन का सबसे बड़ा सामर्थ्य है। सामर्थ्य का अर्थ यह नहीं कि आप दूसरों को कितना झुका सकते हो अपितु यह है कि आप स्वयं कितना झुक सकते हो,नि:संदेह सामर्थ्य के साथ विनम्रता का आ जाना ही तो जीवन की महानता है,क्योंकि जहाँ समर्थता होती है, वहाँ प्राय: विनम्रता का अभाव ही देखा जाता है।

नेमीचंद वेदमुथा ने बताया कि रविवार को सुबह सिमंधर स्वामी के 108 अभिषेक हीराचंद रिखबचंद वेदमुथा परिवार की ओर से होगा।

# ज्ञानपंचमी है ज्ञान की आराधना का महान पर्व

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। श्री सुमतिवल्लभ नोर्थटाउन श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ में आचार्य श्री देवेंद्रसागरसूरिजी ने ज्ञान पंचमी के दिन विशेष प्रवचन देते हुए कहा कि ज्ञानपंचमी पर्व ज्ञान की आराधना का महान् पर्व है, जो मानव समाज को वीतरागी संतों की वाणी, आराधना और प्रभावना का सन्देश देता है। इस पवित्र दिन श्रद्धालुओं को श्रद्धाभक्ति से महोत्सव के साथ आगमो की पूजा-अर्चना करनी चाहिए, अज्ञान के अन्धकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाने वाले इस महापर्व के सुअवसर पर प्राकृत, संस्कृत, प्राचीन भाषाओं में हस्तलिखित प्राचीन मूल शास्त्रों को शास्त्र भंडार से बाहर निकालकर, शास्त्र-भंडारों की साफ-सफाई करके, प्राचीनतम शास्त्रों की सुरक्षा की दृष्टि से उन्हें नए वस्त्रों में लपेटकर सुरक्षित किया जाता है तथा इन ग्रंथों को उचित स्थान पर विराजमान करके उनकी पूजा-अर्चना करनी चाहिए।



आचार्य श्री ने आगे कहा कि यदि एक मंदिर गिर भी जाता है तो उससे भी सुंदर दूसरा मंदिर निर्मित करवा सकते हैं, मूर्ति के टूटने पर दूसरी मूर्ति विराजमान करवा सकते हैं लेकिन शास्त्रों का एक पृष्ठ भी नष्ट होता है तो उसके स्थान पर दूसरा पृष्ठ नहीं लगा सकते हैं। जैन परंपरा का साहित्य भारतीय संस्कृति का अक्षय भंडार है। जैन आचार्यों ने ज्ञान -विज्ञान की विविध विधाओं पर विपुल मात्रा में स्व- परोपकार की भावना से साहित्य का सृजन किया। आज भी अनेक शास्त्र भंडारों में हस्तलिखित प्राचीन ग्रंथ विद्यमान हैं। जिनकी सुरक्षा, प्रचार-प्रसार, संपादन, अनुवाद निरंतर हो रहा है। प्राचीनकाल में मंदिरों में देव प्रतिमाओं को विराजमान करने में जितना श्रावक पुण्य लाभ मानते थे उतना ही शास्त्रों को ग्रंथ भंडार में विराजमान करने का भी मानते थे। यह ज्ञान पंचमी महापर्व हमें जागरण की प्रेरणा देता है कि हम अपनी जिनवाणी रूपी अमूल्य निधि की सुरक्षा हेतु सजग हों तथा ज्ञान के आयतनों को प्राणवान स्वरूप प्रदान करें। जैन प्राचीन आगमों में हमारी सभ्यता आचार-विचार और अध्यात्म विकास की कहानी समाहित है। उस अमूल्य धरोहर को हमारे पूर्वजनों ने अनुकूल सामग्री एवं वैज्ञानिक साधनों के अभाव में रात-दिन खून पसीना एक करके हमें विरासत में दिया है। इस पर्व पर संकल्प लें कि जैन आगमों का सूचीकरण करके व्यवस्थित रखवाया जाये, लेमिनेशन करके अथवा माइक्रोफिल्म तैयार करवा कर सैकड़ों हजारों वर्षों तक के लिए सुरक्षित रखा जा सकता है और अप्रकाशित शास्त्रों के पदार्थो को प्रकाशित किया जाए। मां जिनवाणी को संरक्षित करने, उसका हम संरक्षण और संवर्द्धन करने के लिए आगे आएं।

## सुरसमाहारम्

दक्षिण भारत राष्ट्रमत





कोयम्बटूर के पास स्थित मारूतुमलाई स्थित कार्तिकेन मंदिर में शनिवार को सुरसमाहारम् का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस उत्सव में भगवान मुरुगन द्वारा राक्षस का वध किया जाता है उसके उपरांत सुरसमाहारम होता है। तिरुचेन्दुर के प्रसिद्ध मंदिर के बाद लोकप्रिय इस मंदिर में आयोजित समारोह में भगवान की शोभयात्रा निकाली गई और लोगों ने दर्शन किए।

# जन्म एक परीक्षा है : साध्वी चैतन्यश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां के पुरुषवाक्कम के एएमकेएम में विराजित साध्वीश्री चैतन्य श्री जी म. सा. ने अपने प्रवचन में बताया की जन्म एक एग्जाम है और मृत्यु उसका रिजल्ट क्योंकि जीवन कैसा जिये उस पर निर्भर हैं। हमारी मृत्यु, जीवन ऐसा जिये की जहां हमें जाना है वहां पर लोग हमारा इंतजार करें जहां से आए हैं वह हमें याद करें और जहां पर हैं वहां हमें प्यार करें ऐसी जिंदगी मृत्यु को सुधारती है। दुनिया की ऐसी कोई भी क्लास नहीं है, जो मरना कैसे यह सिखाएं परंतु जैन दर्शन में इसका वर्णन प्रभु महावीर ने किया है सिखाया है।



जैन दर्शन में दो तरह के मरण होते हैं सकाम मरण और अकाम मरण। समझ पूर्वक मृत्यु आए तो वह ऐसा सकाम मरण है और आर्तध्यान से अगर मृत्यु आ जावे तो वह अकम मरण है। आहार आदि का त्याग करना पापों का त्याग करना और संसार को वह समझ के साथ मृत्यु को प्राप्त होना यही सकाम मरण है। अगर मरते समय आप संसार की इच्छा करते हुए मरेंगे तो आप अकाम मरण को प्राप्त होंगे और आपकी दुर्गति होगी।

पुरुषवाक्कम संघ के अध्यक्ष विनयचन्द पावेचा ने बताया कि रविवार को अड़सठ दिवसीय नवकार जाप कलश की पूर्णाहुति एवं दो मुमुक्षुओं का स्वागत किया जाएगा तथा पूज्य गुरुदेव गणेशलालजी महाराज साहब की 144वीं जयंती सामूहिक सह जोड़े जाप एवं तेले की तपस्या तथा दक्षिण कोकिला महासतिजी श्री धर्मप्रभाजी म.सा. का विशेष सान्निध्य में मनाई जाएगी।

# आत्मा के अंधकार को सम्यक ज्ञान से दूर किया जा सकता है : आचार्य उदयप्रभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। किलपॉक जैन संघ में विराजित योगनिष्ठ आचार्य केसरसूरी समुदाय के वर्तमान गच्छाधिपति आचार्यश्री उदयप्रभ सूरीश्वरजी ने ज्ञान पंचमी के अवसर पर कहा कि आज हमें ज्ञान का प्रकार, फल और महत्व समझना है। ज्ञान पंचमी का दूसरा नाम सौभाग्य पंचमी और लाभ पंचमी है। ज्ञान को प्रकाश, दीपक, रत्न, मंत्र आदि की उपमा दी गई है। जहां अंधियारा होता है, वहां एक दीपक उजाला कर देता है, वैसे ही अनंतकाल से आत्मा में अंधकार बना हुआ है, उसे दूर करने का कार्य कर सकता है सम्यक् ज्ञान। ज्ञान के बिना की क्रिया संसार का वजन बढ़ाने वाली होती है। आत्मा का स्वभाव जब तक प्रगट नहीं होता, तब तक बाह्य पुस्तकों का ज्ञान नहीं आ सकता। स्वाध्याय, गुरुजनों का संग आत्मा का स्वभाव प्रगट करने के लिए जरूरी है। ज्ञान आत्मा का स्वभाव प्रगट करे, यह लक्ष्य होना चाहिए।



उन्होंने कहा स्वाध्याय सात्विक जाप है। स्वाध्याय करने से उतने समय तक हम बुरे विचारों से मुक्त रहते हैं। स्वाध्याय में साउंड वाइब्रेशन चलता है जिससे नकारात्मकता नहीं आती।परमात्मा ने पहले ज्ञान का अनुदान दिया, फिर तीर्थ और शासन की स्थापना की। जैन शासन में साधु जीवन की शोभा श्रुतज्ञान से है। ज्ञान के फल का अंतिम परिणाम विरति है। उससे पहले का फल स्वभाव का बदलना, ज्ञान से अच्छे बुरे का विवेक मिलना है। विनय, विवेक गुण की प्राप्ति ज्ञान से मिलती है। विनय गुण जीवन में आता है तो अहंकार टूटता है। ज्ञान से दुर्विचारों से मुक्ति मिलती है।

ज्ञान संग्रह के लिए नहीं, अनुग्रह व परिवर्तन के लिए प्राप्त करना चाहिए। ज्ञान से स्वभाव में धीरे-धीरे परिवर्तन मिलता है। तपस्या करने के लिए भी सूत्र या उनके अर्थ से ज्ञान का होना जरूरी है। काय को स्थिर करना भी एक तप है। दया का गुण भी ज्ञान हो तो फलित होता है। ज्ञान द्वारा की गई छोटीसी क्रिया भी अच्छा फल देती है। आत्मा से जो ज्ञान होता है, वह प्रत्यक्ष ज्ञान है और जिसमें इंद्रियों की सहायता लेनी पड़े, वह अप्रत्यक्ष ज्ञान है। श्रुतज्ञान, मतिज्ञान मन का सब्जेक्ट है। अवधिज्ञान, मन:पर्यय ज्ञान, केवलज्ञान आत्मा के ज्ञान है। महापुरुषों ने ज्ञान को चार प्रकार के बताया है, पढ़ने का ज्ञान, स्मरण का ज्ञान, धारणा का ज्ञान और वासना यानी सुगंध का ज्ञान। व्याधि, प्रतिकूलकाल, मृत्यु के समय यदि ज्ञान सुवासित हो जाए यानी बढ़ता रहे, तो वह वासना ज्ञान है। वासना ज्ञान मृत्यु तक रहता है और परभव में साथ आता है। उन्होंने कहा महापुरुषों की खासियत है कि वे दुर्गुणों को भी सद्गुणों में बदल देते हैं। जबकि दुर्जन अपने सद्गुणों को भी दुर्गुणों में बदल देते हैं।

# अग्रवाल सभा का दीपावली मिलन आज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। स्थानीय श्री अग्रवाल सभा द्वारा दीपावली स्नेह मिलन का आयोजन एसआरकेके अग्रवाल सभा भवन शांति कॉलोनी अन्ना नगर में रविवार को किया जा रहा है।

महासचिव जगदीश प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में दीपावली अभिनंदन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम के उपरांत दीपावली प्रीतिभोज है।



# ज्ञान का क्षयोपक्षम पाने के लिए ज्ञान पंचमी की उपासना करनी चाहिए : मुनिश्री राजपद्मसागर

बेंगलूरु। शहर के शांतिनाथ श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ एलन पुरम श्रीरामपुरम में मुनिश्री राजपद्मसागरजी व श्रमणपद्मसागरजी की निश्रा में ज्ञान पंचमी 'सौभाग्य पंचमी' की आराधना हुई। महाराज साहब ने ज्ञान पंचमी की साधना एवं आराधना की विशेष माहिती बताते हुए कहा जो व्यक्ति ज्ञान की उपासना आराधना करता है उसके जीवन में सोचने का, देखने का, दुखों को कैसे स्वीकार करने का, पूरा नजरिया बदल जाता है और जो ज्ञान की विराधना करता है उसको दूसरे भव में शरीर बराबर नहीं मिलता। मुनिश्री ने कहा कि दृष्टांत सुनाया। संघ सचिव नरेंद्र आच्छा ने बताया कि रविवार को संतों का विदाई समारोह होगा जिसमें सेवार्थ मंडलों का सम्मान भी किया जाएगा।



# 'ज्ञान साधना व आराधना का पर्व है ज्ञान पंचमी'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के सुमतिनाथ जैन संघ में विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी के सान्निध्य में ज्ञानपंचमी के पर्व प्रवचन में मुनिश्री मेरु पद्मसागरजी ने कहा कि ज्ञान साधना के लिए, सिध्वियों के लिए,उपासना के लिए यह बहुत बड़ा पर्व है। इस दिन मंत्र दान लिया जा सकता है इस दिन साधना हो सकती है। आगम शास्त्रों में इसके उल्लेख है और इसकी आराधना कैसे करनी चाहिए इस बाबत में मार्गदर्शन भी है।

शास्त्रों में इसे पंचमी और श्रृत पंचमी भी कहते है। लोग इस दिन को दीपावली के दिन रखे नोटों का मेल और जोड़ करते है इ और ज्ञान पंचमी के दिन खोलते है। इसलिए वे लोग आज के दिन को लाभ से जोड कर लाभ पंचमी कहते हैं। जिसके जीवन में ज्ञान पंचमी की आराधना होती है वो ज्ञानावरण कर्म क्षय के साथ ही भवान्तर भी हरा लेता है।

इस दिन कई साधु संत-श्रावक-श्राविका ज्ञान पंचमी की आराधना करते है। उसी कारण से उनकी जिदंगी में ज्ञान को उजाला देखने को मिलता है।

# दाधीच महिलाओं के अन्नकूट में दिखा दीपावली का उत्साह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु दाधीच महिला मंडल द्वारा दीपावली के उपलक्ष्य में शनिवार को राजाजीनगर स्थित कल्याण मंडप में अन्नकूट का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं ने द्वीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना की। इस कार्यक्रम में छप्पन भोग, भक्ति व प्रेम से भरे भजन, बालिकाओं द्वारा मनमोहक व महाप्रसाद का आयोजन किया गया। महिला मंडल की संस्थापिका सरोजा व्यास, सर्वेसर्वा सरोजा ओझा, अध्यक्षा प्रमिला शर्मा, सलाहकार सरस्वती बिसावा एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। सभी ने अन्नकूट में भाग लिया तथा प्रसाद लिया।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.